दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 247/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 12 अप्रैल 2025 भोपाल से प्रकाशित | भक्तों के रक्षक, सीता के दुःख हारी, ज्वालामुखी दृष्टि - जय वीर हनुमान। | dainiksandhyaprakash.in



नमः पार्वती पतये
हर हर महादेव।
स्वयंभू दक्षिणमुखी राजाधिराज मृत्युलोकाधिपति भूतभावन अवंतिकानाथ बाबा श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग उज्जैन का भस्म आरती श्रृंगार दर्शन शनिवार, चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 15(पूर्णिमा तिथि) स्नान , दान व्रत पूर्णिमा, हनुमान प्राकट्योत्सव,वैशाख स्नान प्रारम्भ।

### इंदौर के पितृ पर्वत पर कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव

# यहां हनुमान जी का अद्भुत स्वरूप





**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 अप्रैल को इंदौर पहुंचे। सीएम भोपाल स्टेट हैंगर से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद सीधे पितृ पर्वत पहुंचे। पितृ पर्वत पर आयोजित हनुमान जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने से पहले एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में सीएम मोहन यादव ने इंदौर में कहा कि आज हनुमान जयंती की मेरी ओर से पूरे प्रदेश को बधाई। आज एक ओर संयोग अच्छा है। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मैं इंदौर में गोशाला का भूमिपूजन करने आया हूं। गो-माता के सरंक्षण और संवर्धन को लेकर हमारा अभियान जारी है। इंदौर, जबलपुर,

### आशापुरा में गोशाला का किया भूमिपूजन

भोपाल और ग्वालियर हमारी लगभग सभी नगर निगम 10 हजार से ज्यादा गो माता को पाल रही है। डॉ. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर हमने गोमाता के लिए एक नई योजना डॉ. अम्बेडकर के नाम पर शुरू की है। हम चाहते हैं कि मध्यप्रदेश में दूध का उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो। इसके लिए कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भोपाल आ रहे हैं। हमे उम्मीद है कि दूध उत्पादन में हमारा प्रदेश देश का नंबर 1 राज्य बनेगा।

पितृ पर्वत पर हनुमान जी के दर्शन के बाद सीएम ने कहा कि पितृ पर्वत पर हनुमान जी का स्वरूप अद्भुत है। यह देवता तो ऐसे है कि जो मांगो वह सब मिलता है। हमारी सरकार ने तय किया है कि जो गोवंश महानगरों में किसी कारण से कष्ट में है, उनका गोशाला में प्रबंधन किया जाएगा। इसके लिए आज नई गोशाला का भूमिपूजन होने जा रहा है।

### गोवंश के लिए होगा तालाब निर्माण

गोशाला निर्माण कार्य शुरू करने के क्रम में शेड निर्माण, गोवंश के लिए पेयजल की व्यवस्था के लिए तालाब निर्माण व अन्य आवश्यक संरचनाओं की विस्तृत कार्ययोजना बनाई जा रही है। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर निगम की यह एक महत्वपूर्ण पहल है। यहां आवारा एवं असहाय गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा। गोशाला में लगभग 10 हजार से ज्यादा गायों को आसरा मिलेगा। वन क्षेत्र करीब होने से गोवंश खुले क्षेत्र में घूम सकेगा।



पितृ पर्वत पर दर्शन के बाद वह हेलीकॉप्टर से महू के आशापुरा जाएंगे। यहां गोशाला के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह इंदौर एयरपोर्ट आकर दोपहर 3 बजे नई दिल्ली रवाना होंगे। सीएम के प्रोग्राम में आज सुबह बदलाव हुआ है पहले सीएम आशापुरा जाने वाले थे लेकिन अब वह पहले पितृ पर्वत जाएंगे इसके बाद आशापुरा जाएंगे।

बता दें कि इंदौर के पास महू के आशापुरा में 10 हजार गायों के लिए नई गोशाला का निर्माण किया जा रहा है। 17 हेक्टेयर में तैयार होने वाली गोशाला में प्राकृतिक वातावरण में गायों को रहने व घूमने के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी। इसके रखरखाव का जिम्मा नगर निगम का होगा। लेकिन इसमें संत समाज का सहयोग भी लिया जाएगा। गोशाला के निर्माण का काम भी नगर निगम द्वारा किया जाएगा।





### पीएम ने हनुमान जयंती की दी शुभकामनाएं

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को हनुमान जयंती की ढेरों शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, संकटमोचन की कृपा से आप सभी का जीवन सदैव स्वस्थ, सुखी और संपन्न रहे, यही कामना है।*



*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राजकीय विमानतल स्थित मंदिर पहुंच कर प्रभु के दर्शन कर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों को दी हनुमान जयंती की बधाई... मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हर कठिनाई में, हर दुख में अगर किसी देवता को याद किया जाता है तो सबसे पहले हनुमान जी को याद किया जाता है.. मैं हनुमान जी से विकसित मध्य प्रदेश के लिए सभी प्रकार के आशीर्वाद की कामना करता हूं।*

---

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## भोपाल में कल आएंगे केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पुलिस का ट्रैफिक प्लान जारी

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को भोपाल आ रहे हैं। शाह रविंद्र भवन में होने वाले सहकारिता सम्मेलन में शामिल होंगे। शाह की सुरक्षा में 900 जवान तैनात रहेंगे। मध्यप्रदेश पुलिस ने गृह मंत्री की सुरक्षा को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्ट किया है। राजाभोज एयरपोर्ट से रविंद्र भवन तक शहर की कई प्रमुख सड़कों पर रविवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधीनगर तिराहा और गांधीपार्क तिराहा तक दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। दोपहिया और चारपहिया वाहन (जीप/कार) रोशनपुरा चौराहा, कंट्रोल रूम, लिली चौराहा से भारत टॉकीज की ओर जा सकेंगे। रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधीनगर तिराहा और पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधीपार्क तिराहा तक मालवाहक और व्यवसायिक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी ढाबा तिराहा, नील बड़ तिराहा, नाथू बरखेड़ा रोड, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा और मुबारकपुर चौराहा होकर आ-जा सकेंगे।




## भाजपा में जाने की अटकलों के बीच रीवा महापौर अजय मिश्रा की कमलनाथ से मुलाकात

**भोपाल।** रीवा महापौर अजय मिश्रा के भाजपा में शामिल होने की चल रही अटकलों के बीच उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मुलाकात की। अजय मिश्रा कुछ दिन पहले प्रदेश भाजपा दफ्तर पहुंचे थे, तब से यह अटकलें चल रही थी कि वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इधर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शुक्रवार को भोपाल पहुंचे। यहां पर उन्होंने कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। इसी क्रम में उनसे अजय मिश्रा ने भी मुलाकात की। बताया जाता है कि इस मुलाकात के बाद फिलहाल उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलों को विराम लग सकता है। गौरतलब है कि भोपाल में प्रदेश भर के महापौर की बैठक के बाद अजय मिश्रा प्रदेश भाजपा दफ्तर पहुंचे थे। वहीं कमलनाथ से ग्वालियर के विधायक सतीश सिकरवार ने भी मुलाकात की। उनकी पत्नी ग्वालियर की महापौर हैं।



# कालचक्र के पृष्ठों से जीवंत होगी गाथा, सम्राट विक्रमादित्य की..

## उप राष्ट्रपति धनखड़ आज दिल्ली के लाल किले पर तीन दिवसीय विक्रमोत्सव का करेंगे शुभारंभ





**भोपाल ।** महान सम्राट विक्रमादित्य, विक्रम संवत् और देश के गौरवशाली इतिहास में उनके योगदान से देश को अवगत कराने के लिए सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य का मंचन 12 से 14 अप्रैल तक नई दिल्ली के लाल किले में माधवदास पार्क में होगा। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ शाम को 7 बजे ÷विक्रमोत्सव÷ में सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नई दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के साथ साथ लाल क़िले पर विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य क़ालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, वृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्यप्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश तथा रोज़गार सृजन के अवसरों में लोकव्यापीकरण के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियाँ भी लगाई जा रही हैं। साथ ही दिल्ली के निवासी फूड कोर्ट में मध्यप्रदेश के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी चख सकेंगे। इस तीन दिवसीय उत्सव में भारतीय इतिहास और संस्कृति के महान नायक के योगदान को जीवंत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति ने महानाट्य की परिकल्पना को साकार किया है। महानाट्य में विक्रमादित्य के जन्म से लेकर सम्राट बनने तक की सभी गाथाएँ अंकित की गई है। सम्राट विक्रमादित्य के विराट स्वरूप को प्रस्तुत करने के लिये कलाकारों का विशाल दल लगभग 125 कलाकारों और 50 अन्य सहयोगियों के माध्यम से इसे प्रस्तुत किया जायेगा। नाटक के दृश्यों का सजीव बनाने के लिए अश्व, रथ, पालकी एवं ऊँट आदि का इस्तेमाल किया गया है। मंचीय प्रस्तुतिकरण को प्रभावी बनाने के लिये तीन मंच एवं एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया गया है।

विक्रमोत्सव-2025 में मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों के फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जिसका दिल्लीवासी आनंद ले सकेंगे। मध्यप्रदेश में पर्यटन विभाग की प्रमुख पहल, नवाचारों और पर्यटन सर्किट की जानकारी दी जाएगी। तकनीक की सहायता से नागरिकों को ऐतिहासिक कथाओं को जानने का अवसर भी प्राप्त होगा। यहां ऋ/ङ्कऋअनुभव के लिए पैवेलियन होगा, साथ ही बाबा महाकाल का होलोग्राफिक भी प्रदर्शित किया जाएगा। मध्यप्रदेश की हस्तकला व कौशल को मंच प्रदान किया जाएगा, जिसमें हस्त शिल्पकार गोंड कला, बाग प्रिंट, टेराकोटा शिल्प, खजूर पत्ती शिल्प, पारंपरिक शिल्प और पेपर मैशी कला व चित्रकला के साथ अन्य उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।

### मप्र की संस्कृतिक विरासत होगा प्रदर्शन

मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, धरोहरों, कला-कौशल और पर्यटन को वैश्विक पटल पर प्रमुखता से प्रदर्शित करने का यह प्रमुख मंच हैं। इसी तारतम्य में महान नायक सम्राट विक्रमादित्य के स्वर्णिम काल से जन मानस को अवगत कराने के लिए विक्रमोत्सव- 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह न केवल सम्राट विक्रमादित्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को जन मानस तक पहुंचाएगा, बल्कि मध्यप्रदेश की समृद्ध परंपराओं और पर्यटन संभावनाओं को भी राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

## ठप हुआ यूपीआई का सर्वर हजारों यूजर्स होते रहे परेशान

**नई दिल्ली।** शनिवार सुबह भारत में यूपीआई डाउन है। यूपीआई में आई इस दिक्कत की वजह से लाखों यूजर्स डिजिटल पेमेंट्स नहीं कर पा रहे। इस खराबी ने फोन पे, गूगल पे, यूपीआई और पेटीएम जैसे एप्स के जरिए लेन-देन करने वाले लोगों और व्यापारियों दोनों को बुरी तरह प्रभावित किया। दोपहर तक करीब 1,168 शिकायतें यूपीआई सर्विस को लेकर दर्ज की गईं। इनमें से गूगल पे पर 96 और पेटीएम पर 23 यूजर्स ने दिक्कतों की सूचना दी। यूपीआई की तरफ से तक इस समस्या पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, हालांकि सेवा शुरू हो गई थी। बीते कुछ दिनों में यह लगातार कई बार ठप हो चुका है। इससे पहले, 26 मार्च को भी यूपीआई सेवा में भारी तकनीकी गड़बड़ी आई थी, जब अलग-अलग यूपीआई एप्स के यूजर्स लगभग 2 से 3 घंटे तक ट्रांजेक्शन नहीं कर पाए थे।




## वक्फ कानून को लेकर मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा मामले में 110 गिरफ्तार

**कोलकाता एजेंसी।** वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में मचे बवाल को लेकर ममता बनर्जी की सरकार ने सख्ती से पेश आना शुरम कर दिया है। पुलिस ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के बाद अब तक 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। उपद्रवियों को तलाशने के लिए अन्य जिलों में भी छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पश्चिम बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में भड़की हिंसा के सिलसिले में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले शुक्रवार को नए कानून को लेकर मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में हुई हिंसा के दौरान पुलिस वैन समेत कई वाहनों में आग लगा दी गई थी। इस दौरान सुरक्षा बलों पर पत्थर भी फेंके गए और सड़कें जाम कर दी गईं।



पुलिस ने बताया कि इन सभी जिलों में छापेमारी चल रही है और मुर्शिदाबाद में 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 3 नक्सलियों को किया ढेर

**छत्तीसगढ़।** बीजापुर जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 9 बजे इंद्रावती राष्टीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई। उन्होंने बताया कि इस जगह पर सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इस मुठभेड़ में अब तक तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 210 और 202 की संयुक्त टीम ने माओवादी विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की है। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र में घेराबंदी कर ली है और व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन अभी भी जारी है और विस्तृत जानकारी शिघ्र ही उपलब्ध कराई जाएगी।



# मप्र में यहां बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड, हनुमान जयंती पर 50 हजार श्रद्धालु एक साथ लेंगे प्रसादी

**उज्जैन।** कालों के काल बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन एक बार फिर भक्ति और श्रद्धा का गवाह बनने जा रही है। यहां हर दिन किसी न किसी धार्मिक आयोजन से शहर की पवित्रता और अध्यात्म और भी गहरा होता है, लेकिन इस बार हनुमान जयंती पर जो आयोजन हो रहा है, वह न सिर्फ नगर बल्कि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। रविवार की शाम, उज्जैन के आंबापुरा स्थित प्राचीन जयवीर हनुमान मंदिर में आयोजित होने जा रहा है मध्यप्रदेश का सबसे विशाल भंडारा, जिसे 'नगर भोज' नाम दिया गया है।

13 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर, मंदिर परिसर में विशेष पूजन-अर्चन और महाआरती का आयोजन होगा। इसके बाद नगर भोज की शुरुआत की जाएगी, जिसमें करीब 50,000 श्रद्धालु भगवान जयवीर हनुमान की प्रसादी ग्रहण करेंगे। आयोजक और समाजसेवी सुनील चावंड ने बताया कि यह आयोजन पिछले 20 वर्षों से लगातार श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है।



**गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा आयोजन का नाम-** इस साल आयोजन की भव्यता को देखते हुए गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम को आमंत्रित किया गया है। रविवार को जब 50,000 से अधिक श्रद्धालु एक साथ जयवीर हनुमान की प्रसादी ग्रहण करेंगे, तब इस आयोजन को विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। यह पूरे उज्जैन और मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात होगी।

### शोभायात्रा से नगर भोज तक पहुंचा आयोजन, हर साल बढ़ती है भव्यता

सुनील चावंड बताते हैं कि इस आयोजन की शुरुआत एक छोटी सी शोभायात्रा से हुई थी। लेकिन बीते 10 वर्षों में इसकी भव्यता और श्रद्धालुओं की भागीदारी में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। आज यह आयोजन न सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि उज्जैन की संस्कृति और सेवा भावना का प्रतीक बन चुका है। हज़ारों श्रद्धालु हर साल इस नगर भोज में भाग लेकर भगवान जयवीर की प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस नगर भोज को खास बनाता है यहां का व्यवस्थित और सम्मानजनक भोजन प्रबंधन। अन्य भंडारों की तरह ज़मीन पर नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को टेबल और कुर्सी पर बैठाकर दाल-बाफले और लड्डू की प्रसादी परोसी जाती है। यही वजह है कि यह आयोजन न केवल भक्ति से जुड़ा है, बल्कि श्रद्धालुओं की गरिमा और सेवा का प्रतीक भी बन गया है।

### 60 हलवाई और 600 कार्यकर्ता संभालेंगे व्यवस्था

नगर भोज में प्रसादी बनाने की जिम्मेदारी उज्जैन के प्रसिद्ध हलवाई प्रकाश चावंड और उनकी 60 हलवाई व 30 कारीगरों की टीम पर है, जो पिछले 10 वर्षों से इस आयोजन को सफलता पूर्वक संभालते आ रहे हैं। इस बार लगभग 75 क्विंटल आटा और 400 किलो शुद्ध घी का उपयोग किया जा रहा है। भोजन परोसने का कार्य 600 कार्यकर्ताओं की एक टीम द्वारा किया जाएगा, जिसमें महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। हनुमानजी को भोग लगाने और महाआरती के बाद प्रसादी वितरण की शुरुआत होगी। आयोजन समिति की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक श्रद्धालु को प्रेमपूर्वक, आदर के साथ भोजन परोसा जाए।

## रतनगढ़ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में आंधी से पंडाल गिरा, महिला समेत तीन घायल

**रतनगढ़।** चूरू के रतनगढ़ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में तेज आंधी के कारण पंडाल उखड़कर गिर गया। इसके बाद कथा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई, जिसमें एक महिला सहित 3 लोग घायल हो गए। अफरा-तफरी में कई महिलाओं की सोने की चेन चोरी हो गई। यह भी बताया जा रहा है कि कार्यक्रम बिना प्रशासन की अनुमति कराया जा रहा था। कथा 11 अप्रैल से शुरू हुई थी और अगले सात दिन चलने वाली थी। इसमें देशभर से करीब 2 से 2.5 लाख लोगों के आने की संभावना थी। हादसे के बाद प्रशासन ने पंडाल और डोम खाली करा दिया। सूचना मिलने पर सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम रामकुमार पहुंचे। एसपी जय यादव के अनुसार आंधी के कारण टेंट उखड़ने से अफरा-तफरी मच गई थी, जिससे तीन लोग घायल हो गए थे। घायल हुए तीन लोगों को रतनगढ़ सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों के अनुसार बिना किसी स्वीकृति के इतना बड़ा आयोजन करवाया जा रहा था।



सात नंबर बस स्टॉप ज्योतिबा फुले चौराहे पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# स्त्री शिक्षा की नींव रखने में ज्योतिबा फुले का अतुलनीय योगदान: मंत्री कृष्णा गौर




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में फैली कुरीतियों से लड़ने के लिए आंदोलन भी चलाया था। देश में स्त्री शिक्षा की नींव रखने और छुआछूत के खिलाफ अलख जगाने में उनका उल्लेखनीय योगदान है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शुक्रवार को भोपाल में सात नंबर बस स्टॉप ज्योतिबा फुले चौराहे पर मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर ने कहा कि भारतीय समाज को सशक्त बनाने तथा महिला शिक्षा की अलख जगाने में ज्योतिबा फुले का योगदान युगों-युगों तक याद किया जाएगा। श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि अंग्रेजों की हुकूमत जब इस देश में चारों तरफ देश की जनता को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए थी तब ज्योतिबा फुले ने कहा था की शिक्षा का स्तर इस प्रकार से होना चाहिए की शिक्षा का प्रकाश समाज के कोने-कोने तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम सब को इस बात का संकल्प लेना होगा कि शिक्षा हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और हर एक व्यक्ति को शिक्षा मिलनी ही चाहिए। श्रीमती गौर ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने हमारे सामाजिक ढांचे की जड़ को हिलाकर उसमें सामाजिक चेतना का संचार करने का काम किया था। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लगातार दलितों, पिछड़ों को शिक्षा की दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार पिछड़े वर्गों को शिक्षित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में भोपाल की महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, माली समाज के अध्यक्ष जी.पी. माली सहित संयुक्त माली, सैनी, मुरार समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




भोपाल। रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में आयोजित रिदम कार्यक्रम में सैक की कन्वीनर और भरत नाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति पर इरा सक्सेना को प्रो. वीसी अदिति द्वारा सम्मानित किया गया।

# रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा मंच



**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव रिदम 2के25 का पंद्रहवां संस्करण इस वर्ष रेट्रो रिवाइवल थीम के साथ मनाया गया, जिसका समापन भव्यता और उल्लास के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरु डॉ. आर.पी. दुबे, प्रो वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. नितिन वत्स और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ अंकित पंडित की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक और साहित्यिक क्लब की संयोजक छात्राओं ईरा सक्सेना (कंप्यूटर साइंस विभाग) और श्रुति सिंह (बीएएलएलबी विभाग) द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और एनसीसी आफिसर सब लेफ्टिनेंट मनोज सिंह मनराल और इंस्ट्रक्टर दुर्गा वर्मा द्वारा एनसीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 का विमोचन किया गया। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और ऊर्जा से मंच को जीवंत कर दिया। ईरा सक्सेना द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुति दी गई, इसके बाद लॉ विभाग के ओल्ड गोल्ड ग्रुप, टैगोर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा , ह्यूमैनिटीज़ एंड लिबरल आर्ट्स विभाग, आरएनटीयू कल्चरल क्लब और स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इस वर्ष रिदम 2के25 की थीम रेट्रो रिवाइवल को विशेष रूप से मंचित करने के लिए आयोजित रैंप वॉक कार्यक्रम दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। रेट्रो युग की झलकियों को जीवंत करते हुए प्रतिभागियों ने 70 और 80 के दशक की फिल्मों, संगीत, फैशन और स्टाइल को समर्पित पोशाकों और प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर जबरदस्त प्रभाव डाला। रैंप वॉक की शुरुआत एक सधे हुए उद्घोषण और प्रकाश व्यवस्था के साथ हुई, जिसने पूरे सभागार को एक अलग ही उत्सवमय वातावरण में रंग दिया। प्रतिभागियों ने ब्लैक एंड व्हाइट युग से लेकर डिस्को जमाने तक के फैशन ट्रेंड्स को दर्शा उस दौर को जीवंत कर दिया। हर राउंड की प्रस्तुति में प्रतिभागियों ने अपने अभिनय और आत्मविश्वास से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बैकग्राउंड में पुराने सुपरहिट गानों की धुनें गूंजती रहीं, जिससे माहौल और अधिक रोचक हो गया। न केवल पोशाकें बल्कि प्रतिभागियों की चाल, भाव-भंगिमाएँ और संवादों की अदायगी भी रेट्रो युग की आत्मा को छू रही थी।

# विधायक सबनानी ने सेवा बस्ती में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा निकाली

**भोपाल ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी ने गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत करुणाधाम मंडल की सेवा बस्ती में कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा निकाली एवं जनमानस से मिलकर उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अपने प्रिय विधायक को अपने बीच पाकर लोगों ने उनका फूल माला से स्वागत किया, और अपने विधायक के साथ यात्रा में शामिल होते गए। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा करुणाधाम मंडल के अध्यक्ष मुकेश देहाड़े वरिष्ठ भाजपा नेता लीलाधर यादव संतोष ब्रह्मभट्ट श्रीमती प्रतीक्षा ब्राह्मभट्ट रामनेता सिंह दिनेश भारती निधि चौरसिया राधा सेंगर गोविंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



## बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर होगा समाज की 200 प्रतिभाओं को सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** संस्कार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर के 134वें जन्म दिवस के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी हलालपुर स्थित सनसिटी गार्डन स्थित हाल में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने जा रही है। समाज के शिक्षा खेल और संगीत, नाट्य मंचन में अपना उत्कृष्ट स्थान रखने वाले छात्र-छात्राओं का कलाकारों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी, नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहेंगे। सोसाइटी प्रतिवर्ष 200 विद्यार्थियों का सम्मान करती है सोसाइटी विगत 15 सालों से ये सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

## परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि संत सिद्ध भाऊ के आर्शीवचनों को सभी ध्यान से सुनकर आत्मसात करें क्योंकि यही वचन आपको उच्च पदों पर पहुंचाने का माध्यम बनेंगें क्योंकि प्रतिभा सभी में होती है बस उसे निखारकर प्रयत्न करने वाले कभी पीछे नहीं देखते हैं अपने ऊपर विश्वास रखें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सिद्ध भाऊ ने कहा कि विद्या वह धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता परंतु बिना कठिन परिश्रम के विद्या धन अर्जित नहीं किया जा सकता आपके सामने डॉ. अब्दुल कलाम, द्रोपती मुर्मू, नरेंद्र मोदी जैसी मिसालें हैं जिन्होंने अत्यंत गरीबी में भी अपने लक्ष्य को हासिल करने हेतु कठिन परिश्रम किया है उन सभी का यही लक्ष्य था कि भले ही हमें आज कठिन परिश्रम करना पड़े लेकिन अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुंचना है, विद्यार्थी जीवन तपस्या का जीवन है और परिश्रम के सिवाय मनुष्य का जीवन पशु समान है, माता-पिता बच्चों को ऊँचाईयों तक पहुंचाने में अपना पूरा जीवन कुर्बान कर देते हैं अत: बच्चों का यह कर्तव्य है कि अपने माता-पिता की कुर्बानियों को व्यर्थ न जाने दें और पढ़ाई कर उनके सपनों को साकार करें, पढ़ाई के साथ-साथ योगासन, प्राणायाम करें सुबह उठकर अंकुरित अनाज का सेवन करें अभी समय है जाग जाइये आपका लक्ष्य सिर्फ पढ़ाई है, पढ़ाई करोगे तभी आगे बढ़ोगे तो आज से ही अपना टाईम टेबिल निर्धारित कर अपने लक्ष्य प्राप्ति में लग जाइये।

# पार्षद ने सुनी लोगों की समस्या, दिया आश्वासन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



अयोध्या नगर के वार्ड नंबर 68 की पार्षद उर्मिला मौर्या ने लोगों की समस्याएं सुनी व उनको आश्वासन दिया कि जल्दी ही सभी समस्याओं पर कार्य किया जाएगा। वार्ड के लोगों ने सबसे बड़ी समस्या पानी, सीवेज व नाली की साफ-सफाई की बताई। उर्मिला मौर्या ने कहा कि वार्ड के संभाग 5 फेस-2 की सभी समस्याओं का समाधान स्थायी तौर पर करवाया जाएगा। आज पार्षद जलकार्य विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों को लेकर संभाग 5 में पहुंची। पार्षद ने आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया।

मंडल अध्यक्ष लवकुश यादव ने कहा कि हम जनता की सेवा के लिए हम हमेशा तत्पर रहते हैं। जनता की समस्या का हल करना हमारा कर्तव्य है। हमारा उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना और उनके जीवन को सुखी बनाना। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लवकुश यादव, पवन पटवा व श्री पवार सहित कालोनी के रहवासी आदि मौजूद थे।

**सीवेज व नाली चौक, रहवासी परेशान:** ईडब्ल्यूएस 60 से 83 तक व सामने वाली लाइन में सीवेज चौक की समस्या है। पूरे कालोनी में नई सीजेन लाइन डाली गई है लेकिन इस लाइन में दोनों तरफ सीवेज लाइन नहीं डाली गई जिससे वह हमेशा चौक रहती है। सीवेज का पानी नाली में जा रहा है। जिसकी बदवू से रहवासी परेशान है। रहवासियों ने बताया कि नाली का निर्माण हुआ उसके बाद आज तक सफाई नहीं हुई है। नाली में कचरे से भरी पड़ी है।

## हनुमान जयंती



प्रभु का प्रिय बनने के लिए मानव को सदा कृतज्ञ भाव से पर सेवा और परमार्थ में निरत रहना चाहिए। दूसरों की संकट की घड़ी में संकट मोचक बन उनके संकटों को अपना संकट मानकर उसके निवारण के लिए प्राणों तक को दाँव पर लगा देना श्री हनुमान जी महाराज का जीवन हमें सीख देता है। दूसरों को जीतने वालों को वीर और जो स्वयं को भी जीत जाए उसे महावीर कहते हैं। श्री हनुमान जी महाराज का जीवन मानवमात्र को जितेंद्रिय बनने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। बलवान होना ही पर्याप्त नहीं है अपितु विवेकवान होना भी जीवन की अनिवार्यता है। बल, बुद्धि, विद्या, विनय, विवेक एवं स्वामी भक्ति का गुण ही श्री हनुमान जी महाराज के जीवन को जन-जन का आदर्श एवं प्रभु श्रीराम-माँ जानकी का प्रिय बनाता है। बुद्धि-विवेक के भंडार, ज्ञानियों में भी अग्रगण्य भक्त शिरोमणि हनुमान जी महाराज के मंगलमय पावन प्राकट्य उत्सव की आप सभी को अनंत शुभकामनाएं एवं मंगल बधाई।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव: भारतीय संस्कृति के सभी पर्व जीवन के कुशल प्रबंधन के साथ योग की शिक्षा देते है: योग गुरु महेश अग्रवाल

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरू महेश अग्रवाल ने योग साधकों के साथ योग साधना करते हुए बताया कि अंजनी पुत्र हनुमान जी के जीवन से कुशल प्रबंधन के साथ मन, कर्म और वाणी पर कैसे संतुलन रहें सीखा जा सकता हैं। ज्ञान, बुद्धि, विद्या और बल के साथ ही उनमें विनम्रता भी अपार थी। सही समय पर सही कार्य करना और कार्य को अंजाम तक पहुंचाने का उनमें चमत्कारिक गुण था। उनमें कार्य का संपादन करने की अद्भुत क्षमता थी जो आज के प्रबंधक और कर्मठ लोगों को सीखना चाहिए। सीखने की लगन, कार्य में कुशलता और निपुणता, मूल्यों और प्रतिबद्धता के साथ सही योजना, दूरदर्शिता , नीति कुशल हनुमानजी प्रबंधन की यह सीख देते हैं कि अगर लक्ष्य महान हो और उसे पाना सभी के हित में हो तो हर प्रकार की नीति अपनाई जा सकती है साहस हनुमानजी में अदम्य साहस है। वे किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थितियों से विचलित हुए बगैर दृढ़ इच्छाशक्ति से आगे बढ़ते गए। रावण को सीख देने में उनकी निर्भीकता, दृढ़ता, स्पष्टता और निश्चिंतता अप्रतिम है। उनमें न कहीं दिखावा है, न छल कपट। व्यवहार में पारदर्शिता है, कुटिलता नहीं। उनमें अपनी बात को कहने का नैतिक साहस हैं। उनके साहस और बुद्धि कौशल व नीति की प्रशंसा तो रावण भी करता था। लीडरशिप - हनुमानजी श्रीराम की आज्ञा जरूर मानते थे परंतु वह वानरयूथ थे। अर्थात वह संपूर्ण वानर सेना के लीडर थे। सबको साथ लेकर चलने की क्षमता श्रीराम पहचान गए थे। कठिनाइयों में जो निर्भयता और साहसपूर्वक साथियों का सहायक और मार्गदर्शक बन सके लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिसमें उत्साह और जोश, धैर्य और लगन हो, कठिनाइयों पर विजय पाने, परिस्थितियों को अपने अनुकूल कर लेने का संकल्प और क्षमता हो, सबकी सलाह सुनने का गुण हो वही तो लीडर बन सकता है। उन्होंने जामवंत से मार्गदर्शन लिया और उत्साह पूर्वक



रामकाज किया। सबको सम्मानित करना, सक्रिय और ऊर्जा संपन्न होकर कार्य में निरंतरता बनाए रखने की क्षमता भी कार्यसिद्धि का सिद्ध मंत्र है। हर परिस्थिति में मस्त रहना , शुत्र पर निगाहें, विनम्रता - यदि आप टीमवर्क कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं फिर भी एक प्रबंधक का विनम्र होना जरूरी है अन्यथा उसे समझना चाहिए कि उसका घमंड भी कुछ ही समय का होगा। योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि हनुमान चालीसा के दोहे एवं चौपाई को ध्यान से समझें तो जीवन कैसे जीना उसकी सीख मिलती है , गुरु का महत्व चालीसा की पहले दोहे की पहली लाइन में लिखा गया है। जीवन में गुरु नहीं है तो आपको कोई आगे नहीं बढ़ा सकता। गुरु ही आपको सही रास्ता दिखा सकते हैं। इसलिए तुलसीदास ने लिखा है कि गुरु के चरणों की धूल से मन के दर्पण को साफ करता हूं। आज के दौर में गुरु हमारा मेंटोर भी हो सकता है, बॉस भी। माता-पिता को पहला गुरु ही कहा गया है। समझने वाली बात ये है कि गुरु यानी अपने से बड़ों का सम्मान करना जरूरी है। अगर तरक्की की राह पर आगे बढ़ना है तो विनम्रता के साथ बड़ों का सम्मान करें। आज के दौर में एक अच्छी डिग्री होना बहुत जरूरी है। लेकिन चालीसा कहती है सिर्फ डिग्री होने से आप सफल नहीं होंगे। विद्या हासिल करने के साथ आपको अपने गुणों को भी बढ़ाना पड़ेगा, बुद्धि में चतुराई भी लानी होगी। हनुमान में तीनों गुण हैं, वे सूर्य के शिष्य हैं, गुणी भी हैं और चतुर भी।

जो आपकी प्रायोरिटी है, जो आपका काम है, उसे लेकर सिर्फ बोलने में नहीं, सुनने में भी आपको रस आना चाहिए। अच्छा श्रोता होना बहुत जरूरी है। अगर आपके पास सुनने की कला नहीं है तो आप कभी अच्छे लीडर नहीं बन सकते।

कब, कहां, किस परिस्थिति में खुद का व्यवहार कैसा रखना है, ये कला हनुमानजी से सीखी जा सकती है। सीता से जब अशोक वाटिका में मिले तो उनके सामने छोटे वानर के आकार में मिले, वहीं जब लंका जलाई तो पर्वताकार रुप धर लिया। अक्सर लोग ये ही तय नहीं कर पाते हैं कि उन्हें कब किसके सामने कैसा दिखना है। हनुमान सीता की खोज में लंका गए तो वहां विभीषण से मिले। विभीषण को राम भक्त के रुप में देख कर उन्हें राम से मिलने की सलाह दे दी। विभीषण ने भी उस सलाह को माना और रावण के मरने के बाद वे राम द्वारा लंका के राजा बनाए गए। सही समय पर सही इंसान को दी गई सलाह सिर्फ उसका ही फायदा नहीं करती, आपको भी कहीं ना कहीं फायदा पहुंचाती है।अगर आपमें खुद पर और अपने परमात्मा पर पूरा भरोसा है तो आप कोई भी मुश्किल से मुश्किल टॉस्क को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

# राजधानी में हनुमान जन्मोत्सव की धूम, महाआरती में गूंजते रहे जयकारे








## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व विधायक पीसी शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, सहित कई श्रद्धालुओं ने लिया टीटी नगर खेड़ापति हनुमान जी का आशीर्वाद

**भोपाल।** राजधानी में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम है। मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन चल रहे है। यहां पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। न्यू मार्केट स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में प्रकटोत्सव पर आयोजन धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर को आकर्षक सजाया गया है वहीं यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन करने कोई परेशानी न हो इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। दोपहर 12 बजे यह महाआरती हुई। इस मौके पर यहां पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व विधायक पीसी शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी एवं मंदिर ट्रस्ट के गोपाल मेहता, आरसी जैन, संजू अग्रवाल और सुरेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके बाद भंडारा होगा। मंदिर की विशेषता मनोकामना शिला है। जहां भक्त अपनी इच्छाएं लिखते हैं। लगभग 45 वर्ष पुराना यह मंदिर शहर के केंद्र में स्थित है। मरघटिया महावीर मंदिर में भी आयोजन शाहजहांनाबाद स्थित मरघटिया महावीर मंदिर में विशेष आयोजन चल रहे है। आज अखंड रामायण पाठ, मंगल आरती और भंडारा होगा। जहांगीराबाद स्थित श्री राम मंदिर खटलापुरा में शाम 5 बजे से भंडारे और 7 बजे से महाआरती व भजन संध्या का आयोजन होगा। पांच क्विंटल फूलों से मंदिर को सजाया गया है। इसके साथ ही कई मंदिरों में विशेष आयोजन चल रहे है।





# धर्म-संस्कार और सनातन संस्कृति की चेतना से गूंजा मुंबई

## मंत्री गौतम टेटवाल ने लिया बागेश्वर धाम सरकार से आशीर्वाद, धर्म रक्षा व राष्ट्र उत्थान का लिया संकल्प

**मुंबई।** मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मुंबई की धरती पर आयोजित भव्य धर्म-जागरण महायज्ञ में श्री बागेश्वर धाम सरकार, परम पूज्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से भेंट कर सनातन धर्म की रक्षा, संरक्षण और उत्थान का संकल्प लिया। इस मौके पर मंत्री टेटवाल ने शास्त्री जी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सनातन संस्कृति, धर्म-संस्कार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। धर्म जागरण महायज्ञ में मुंबई की धरती सनातन संस्कृति की चेतना से गूंज उठी। श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों की गूंज और धर्म की पुनर्स्थापना की प्रतिज्ञा ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं। आज धीरेन्द्र शास्त्री जी जैसे संत समाज को दिशा दिखा रहे हैं। उन्होंने मुंबई में धर्म-जागरण के प्रयासों की सराहना करते हुए श्रद्धेय दीपक तिवारी एवं रुद्र भाई साहब का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। मंत्री टेटवाल ने कहा आज आवश्यकता है कि हम सभी शिवाजी महाराज की तरह धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए संगठित हों।





यही समय की मांग है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुझे बाबा महाकाल की सेवा का जो अवसर प्रदान किया है, वह मेरे जीवन का गौरव है। मैं देशवासियों से उज्जैन आकर भस्म आरती का दिव्य अनुभव लेने का आमंत्रण देता हूं। मंत्री टेटवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह तो बस शुरुआत है... मथुरा, काशी और अयोध्या की परंपरा फिर से जागेगी। सनातन संस्कृति की चेतना पूरे भारत में फैलेगी।





**भोपाल। परशुराम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक शाम छींद वाले दादा जी के नाम संगीतमय सुंदरकांड में महापौर मालती राय ने सम्मिलित होकर पूजा अर्चना की।**








# आरजीपीवी में करोड़ो के घोटाले का पदार्फाश करने फ्रांड डिटेक्शन ऑडिट का आदेश, 9 साल का हिसाब होगा साफ

**सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी ) में हुए वित्तीय घोटालों की परतें खोलने के लिए फ्रॉड डिटेक्शन ऑडिट कराया जाएगा। खास बात यह है कि विश्वविद्यालय विगत दो या चार नहीं बल्कि नौ वर्ष यानि वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2023-24 तक की अवधि के लिए फॉरेंसिक ऑडिट कराने जा रहा है। इससे उम्मीद की जा रही है कि विगत एक साल से घोटाले के नाम से मशहूर हो चुकी आरजीपीवी में हुए घोटालों की वास्तविक स्थिती स्पष्ट हो सकेगी। यह फॉरेंसिक ऑडिट स्पार्क एण्ड एसोसिएट से कराए जाने का आदेश जारी हुआ है। इस के तहत कंपनी के ट्रेंड सीए ट्रांसेक्शन, डाक्यूमेंट कॉन्ट्रेक्ट, परचेज आर्डर, विवि के संचार माध्यम ई-मेल, नोट शीट आदि उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर कड़ी से कड़ी जोडकर विस्तृत इंवेस्टिगेशन करेंगे। जांच का दायरा काफी व्यापक होगा। एक साल पहले 19.48 करोड़ का घोटाला उजागर होने और इसमें विवि के आला अधिकारियों की संलिप्पता, अकाउंटस में हेरफेर, के कारण बड़े घोटाले का अंदेशा जताया जा रहा है।





हालात के मद्देनजर माना जा रहा है कि यह आर्थिक घोटाला कई सौ करोड़ का हो सकता है। इसलिए तभी से सबकी नजरें शासन द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं। लेकिन यह समिति भी एक साल में किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। इसका मुख्य कारण है-लेखा शाखा में खातों व लेजर से संबंधित दस्तावेजों की भारी कमी और अव्यवस्था। इसके चलते अब तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के निर्देश पर विवि प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2023-24 तक की अवधि के लिए फॉरेंसिक ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। आरजीपीवी में बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन से संबंधित दस्तावेज इतने असंगठित हैं कि जांच समिति को किसी भी स्तर पर स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। रिकॉर्ड की इस बदहाली के कारण न केवल पिछली वित्तीय गतिविधियों की समीक्षा बाधित हुई है, बल्कि विश्वविद्यालय की वर्तमान वित्तीय स्थिति का आकलन भी संभव नहीं हो सका है। इसकी एक प्रमुख वजह यह भी है कि विवि में कार्यरत लेखा शाखा के अधिकारी और बाबू इस कार्य के लिए योग्य नहीं हैं। उन्होंने रिकार्ड मेंनटेन नहीं किए हैं और सालाना ऑडिट रिर्पोट को संज्ञान में लेते हुए उपयुक्त कार्यवाही नहीं की है।

**16 अप्रैल तक मांगी सहमति:** आरजीपीवी प्रशासन ने 26 दिसंबर 2024 को फॉरेंसिक ऑडिट के लिए विज्ञापन जारी किया था। ई-टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से चयनित स्पार्क एण्ड एसोसिएट कायादेश सौंपा गया है। फर्म को 2015-16 से 2023-24 तक के वित्तीय लेन-देन, खातों की संधारण प्रक्रिया और संभावित अनियमितताओं की बारीकी से जांच करनी होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऑडिट फर्म को निर्देशित किया है कि वह 16 अप्रैल 2025 तक कायादेश पर अपनी सहमति प्रेषित करे। साथ ही, उसे वर्क ऑफ स्कोप के अनुसार तय समय-सीमा में जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपनी होगी।



**भोपाल। पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 32 के अंतर्गत गीतांजलि चौराहे के पास स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में हनुमान जी महाराज के जन्म उत्सव के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।**

## संपादकीय

# विशेष से श्रेष्ठ कालेज तक

शिक्षा के मायने बदलने के लिए पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता ही नहीं, बल्कि कालेज प्रांगण की धूल हटा कर दूब भी उगनी चाहिए। कुल 136 कालेजों में से कुछ संस्थानों में प्रासंगिकता की शर्तें इस काबिल नहीं कि इन्हें असफलता का ढेर बनाया जाए। कालेजों को प्रासंगिकता का परिसर बनाने की पहली बार कोशिश हो रही है और इस दृष्टि से 14 कालेजों के पाठ्यक्रम में हुनर की शक्ति खोजी जा रही है। चौदह विशेष कालेजों के माध्यम से छात्रों को अपना व्यावसायिक उत्थान करने में मदद मिलेगी। इनमें से सात में इंटीग्रेटेड बीएड, तीन में फिजिकल एजुकेशन और अन्य में बीसीए, बीबीए, एमसीए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कम्प्यूटरिंग मशीन लर्निंग जैसे पाठ्यक्रम चलेंगे। सबसे शानदार व भविष्य की कलम से लिखा फैसला हरिपुर गुलेर डिग्री कालेज को फाइन आर्ट्स का विशेष महाविद्यालय बना रहा है। यह अपने आप में कांगड़ा चित्रकला की पृष्ठभूमि को अंगीकार करने की एक प्रायोगिक कोशिश है। फाइन आर्ट्स के तहत अगर हरिपुर गुलेर के कालेज को भविष्य के कलाकारों को साधने की अहमियत मिलती है, तो कल यहां धरोहर अध्ययन की कक्षा भी जोड़ी जा सकती है। इस तरह हरिपुर गुलेर की तरह नगरोटा सूरियां कालेज को मत्स्य अध्ययन व इससे जुड़े व्यवसायों का कालेज बना देना चाहिए। हम पिछले कई सालों से यह सुझाव देते आए हैं कि कुछ कालेजों को अलग-अलग प्रोफेशन और विषयों के आधार पर स्तरोन्नत करना चाहिए। इसी परिप्रेक्ष्य में स्वतंत्र स्पोर्ट्स कालेज या खेल छात्रावासों के साथ खेल स्कूल स्थापित कर देने चाहिएं। भारतीय खेल प्राधिकरण के धर्मशाला व बिलासपुर छात्रावासों के साथ वहां के कालेजों में स्पोर्ट्स विंग जोड?र खिलाडि?ों की डिग्री के विषय उनके भविष्य के अनुरूप बनाने होंगे। प्रदेश के गरली-परागपुर की धरोहर के मद्देनजर वहां एक फिल्म सिटी और फिल्म एवं टीवी संस्थान की स्थापना करें, तो अध्ययन और व्यवसाय एक साथ निखर सकते हैं।

बावजूद इसके कि कालेजों के चौदह परिसर अपने महत्त्व के विषयों में कोई न कोई करियर पुष्ट करेंगे, छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा का मूल्यांकन कुछ बड़े कालेज कर रहे हैं। कुल्लू, मंडी, धर्मशाला, हमीरपुर, सोलन, बिलासपुर, ऊना व कुछ अन्य महत्वपूर्ण कालेजों को विषय विशेष का राज्य स्तरीय दर्जा देना चाहिए। इस तरह अगर ऊना को हम राज्य स्तरीय भाषा कालेज बना दें, तो वहां अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू व पंजाबी के अध्ययन की एक राष्ट्रीय परिपाटी बन सकती है। इसी तरह कहीं कोई कालेज इतिहास, तो कोई कामर्स और कोई वाणिज्यिक अध्ययन का श्रेष्ठ कालेज बन सकता है। राज्य स्तरीय पैमानों में श्रेष्ठ कालेजों की शृंखला में कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, कालेज ऑफ बिजनेस स्टडीज, कालेज ऑफ साइंस, कालेज ऑफ हिमालयन स्टडीज, कालेज ऑफ सोशल वर्क तथा इसी तरह अन्य विषयों के अलावा एक महाविद्यालय इंडस्ट्रियल स्टडीज एवं नवाचार का भी बना देना चाहिए। हर कालेज को सभी विषयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का केंद्र बना देने के बजाय एक ही विषय का राज्य स्तरीय परिसर बनाना चाहिए। मसलन घुमारवीं कालेज में दर्जन के करीब स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चल रहे हैं, लेकिन परिसर में किसी एक विषय का अति उत्तम माहौल, अध्ययन व शोध होना चाहिए, यह अधिक जरूरी है। बहरहाल, जिस पहल के तहत 14 कालेजों में अलग पाठशाला शुरू हो रही है, उससे इनकी योग्यता, दक्षता व प्रासंगिकता भी बढ़ेगी।

# किसी भी देश में नियंत्रण से अछूता नहीं है वक्फ



■ डॉ. ब्रह्मदीप अलूने
वैदेशिक मामलों के जानकार

तेरहवीं शताब्दी में एक विद्वान हुआ करते थे मार्को लोम्बार्डो। उन्होंने धर्म और राजनीति के संबंधों पर एक दिलचस्प बात कहीं थी,जो अब भी कहावतों में सुनाई पड़ती है। मार्को लोम्बार्डो ने कहा था,रोम में दो सूर्य हुआ करते थे,एक दुनिया का मार्ग दिखाता था और दूसरा ईश्वर का मार्ग। लेकिन समय के साथ इन दो रोशनियों ने एक दूसरे को बुझा दिया है। दरअसल दो तलवारों का सिद्धांत भले ही ईसाई साम्राज्य के इतिहास और संघर्ष को दर्शाता हो,लेकिन इस्लामिक साम्राज्य भी इस सिद्धांत से अछूता नहीं था। इस्लामिक दुनिया की मान्यताओं की व्याख्या,उलेमाओं द्वारा भिन्न भिन्न तरीके से सुल्तानों के सामने रखी गई। दुनिया के कई देशों में इस्लाम है,समय और परिस्थितियां इस्लामिक कानूनों के क्रियान्वयन पर हावी रही है। वक्फ को लेकर भी इस्लामिक देशों में अलग अलग नियम और कानून रहे है। लेकिन शायद ही कोई देश चाहे वह इस्लामिक कानूनों से संचालित ही क्यों न होता हो,सरकारी व्यवस्था के हस्तक्षेप और नियन्त्रण से वक्फ अछूता नहीं है। धर्म और राजनीति को अलग अलग रखने के प्रयास इतिहास की मांग रहे है,हालांकि धार्मिक सत्ताओं ने राजसत्ताओं पर दबाव बनाने के सबसे पहले प्रयास किए और यहीं से धर्म,राजनीति और संघर्ष का दौर शुरू हो गया,जो अब भी बदस्तूर जारी है।

ईरान को एक इस्लामिक गणराज्य माना जाता है और इस्लाम को इसके सिद्धांतों का आधार माना गया है। संविधान के मुताबिक,सभी कानून और नियम इस्लामी मानदंडों और शरिया की आधिकारिक व्याख्या पर आधारित होने चाहिए। ईरान का शिया इस्लामी शासन धार्मिक नेताओं द्वारा नियंत्रित है। सरकार और धार्मिक संस्थाओं के बीच गहरे संबंध हैं और धार्मिक संस्थाओं को सरकारी नियंत्रण के तहत बनाए रखने के लिए वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन आवश्यक किया गया है। ईरान में वक्फ पर राज्य का नियंत्रण केवल धार्मिक कल्याण तक सीमित नहीं रहता,बल्कि यह राजनीतिक उद्देश्यों को भी पूरा करता है। धार्मिक संस्थाओं के पास वक्फ संपत्तियों से प्राप्त आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत होता है,जिससे वे अपने धार्मिक और राजनीतिक प्रभाव को बढ़ा सकते हैं।



इस्लामिक मान्यताओं के विशुद्ध पालन के नाम पर जन्म लेने वाले पाकिस्तान में दुनिया की दूसरी बढ़ी मुस्लिम आबादी रहती है। इस्लामी शरिया कानून के तत्वों को पाकिस्तानी कानून में शामिल किया गया। इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान में इस्लामिक शरीयत राज्य की नीति का हिस्सा है और वहां के संविधान में धर्म की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके बाद भी धार्मिक संपत्तियों का प्रबंधन और नियंत्रण सरकार के हाथ में है जिससे इन संपत्तियों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। पाकिस्तान सिंध वक्फ संपत्ति अधिनियम-2020 और पंजाब वक्फ संपत्ति अध्यादेश-1979 सहित कई प्रांतीय कानूनों के माध्यम से वक्फ संपत्तियों को नियंत्रित करता है। यह सरकार की निगरानी में होता है। इस्लामिक देश होने के बाद भी धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्ता को लेकर पाकिस्तान में सरकारें चिंतित रही है। 17 दिसंबर 2014 को आर्मी पब्लिक स्कूल हत्याकांड के बाद,वक्फ की सम्पत्तियों और मदरसों को सख्ती से विनियमित करने के लिए प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने वादा किया था। इसके पहले 2007 में भी परवेज मुशर्रफ ने हजारों मस्जिदों के स्थान,आकार, धार्मिक संबद्धता और धन के ज्ञात स्रोत पर व्यापक अभियान चलाया था। इस दौरान वक्फ संपत्तियों को लेकर पाकिस्तान सरकार ने दस्तावेजीकरण करके सरकारी निगरानी और नियन्त्रण को सुनिश्चित कर दिया।

वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में राज्य का सीधा हस्तक्षेप सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे इस्लामिक देशों में भी है,जबकि इन देशों में पूर्णत इस्लामिक नियमों पर आधारित शासन करने का दावा किया जाता है। आधुनिक समय में स्वयं को इस्लामिक अमीरात घोषित करने वाले अफगानिस्तान का तालिबान शासन तो वक्फ को पूरी तरह से नियंत्रित करता है। हक़्क़ानी ग्रुप के नेता और गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक़्क़ानी तथा शीर्ष तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा देश में वक्फ संपत्तियों और मस्जिदों पर नियन्त्रण के लिए एक दूसरे के सामने है। पिछले वर्ष दिसम्बर में तालिबान कैबिनेट के दो प्रमुख मंत्री काबुल के एक मदरसे में हुए कार्यक्रम के दौरान एक दूसरे पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए दिखाई दिए। इस दौरान हक़्क़ानी ग्रुप के नेता और गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक़्क़ानी ने शीर्ष तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा के क़रीबी माने जाने वाले उच्च शिक्षा मंत्री निदा मोहम्मद नदीम पर संकीर्ण मानसिकता का आरोप लगाया था। तालिबान से पहले अफगानिस्तान ने हीर शाह के शासन काल में बहुत उन्नति की थी। ज़ाहिर शाह को अफगानिस्तान का राष्ट्रपिता माना जाता ह। 1933 से 1973 तक अफ़ग़ानिस्तान के वे राजा थे, जिन्होंने अपने देश को स्थिर सरकार का युग प्रदान किया था। हीर शाह एक जातीय पश्तून थे जो शास्त्रीय फ़ारसी संस्कृति में डूबे हुए थे,जिनके अफ़गानिस्तान के सभी जातीय समूहों के साथ मज़बूत सांस्कृतिक संबंध थे। आधी सदी पहले एक रक्तहीन तख्तापलट में राजा ?हीर शाह को अपदस्थ कर दिया गया था,जिसके बाद से अफगानिस्तान में लगातार उथल-पुथल की शुरुआत हो गई। अफगानिस्तान के इतिहास में हीर शाह का शासन काल एक अहम दौर था,जब देश ने पारंपरिक इस्लामी व्यवस्थाओं को आधुनिकीकरण और संवैधानिक ढाँचे में ढालने की कोशिश की। इस काल में वक्फ प्रणाली भी धीरे धीरे अधिक संगठित,क़ानूनी और राज्य-नियंत्रित किया गया तथा राज्य ने वक्फ की संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन और प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कई प्रशासनिक कदम उठाए। अफगानिस्तान में वक्फ के प्रबंधन की स्थिति शासन अनुसार बदलती रही,हालांकि यह राज्य के नियन्त्रण में ही रही। कभी वक्फ की संपत्तियों का उपयोग राजनीतिक आधार ब?ाने के लिए किया गया तो कभी इसे धर्मार्थ विकास के तौर पर उभारने के प्रयास किए गए।

उस्मानिया सल्तनत (ऑटोमन एम्पायर) कई सदियों तक क़ायम रहने वाली एक बड़ी सल्तनत थी, जिसमें उसने यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तर अफ़्रीका के बड़े हिस्से पर हुकूमत की और दूरगामी प्रभाव छोड़े। 600 सालों तक उस्मानिया सल्तनत दक्षिण पूर्व यूरोप से लेकर वर्तमान के ऑस्ट्रिया,हंगरी,बाल्कान,ग्रीस,यूक्रेन, इराक़,सीरिया,इसराइल,फ़लस्तीन और मिस्र तक फैला हुआ था। उस्मानिया सल्तनत में सुल्तान के नियन्त्रण में राज्य की सम्पत्ति होती थी और इसे स्वायत्त नहीं समझा जाता था। उस्मानिया सल्तनत की अगुवाई करने वाली तुर्की की सत्ता पर इस समय काबिज़ रेचेप तैय्यप अर्दोआन उस्मानिया सल्तनत की गौरव को लौटाने का दावा करते है। 1924 में सभी वक्फ संस्थानों को सरकार के अधीन लाया गया। यहां पर सरकारी संस्था सभी वक्फ संपत्तियों और संस्थानों का प्रबंधन,निगरानी और विकास करती है। सरकार ही वक्फ की संपत्तियों का किराया,उनसे प्राप्त आय और उसका उपयोग धार्मिक,शैक्षिक,सामाजिक कल्याण में करती है। तुर्की में वक्फ से संबंधित मौजूदा कानून में वक्फ के निर्माण,प्रबंधन,निगरानी और सुधार से जुड़े सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। यह सरकार की निगरानी में है।

अधिकांश इस्लामिक देशों में यह माना जाता है कि वक्फ संपत्तियों का नियंत्रण राजनीतिक संतुलन को बनाए रखने और राज्य की धार्मिक विचारधारा को बढ़ावा देने में भी सहायक होता है। इसे इस्लामी गणराज्य की नींव के रूप में देखा जाता है,जहां धार्मिक और राजनीतिक सत्ता एक साथ काम करती है। धर्म और धार्मिक संपत्तियों पर राज्य का नियंत्रण एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है,जो समाज,राजनीति और धर्म के बीच के रिश्तों को प्रभावित करता है। इस्लामिक दुनिया में वक्फ की संपत्तियां है और इनके प्रबंधन के लिए अलग अलग देशों में राज्य नियंत्रित विभिन्न कानूनी ढांचे भी होते हैं।

# वैश्विक प्रतिक्रिया, ट्रंप और भारत

-राकेश दुबे-

यह साबित हो गया है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं। तभी जिद्द के पक्के कहे जाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना फ़ैसला संशोधित करना पड़ा।आमतौर पर वे अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते हैं।

उनके इस फैसले ने सबको चौंकाया है जिसमें उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के साठ देशों के खिलाफ घोषित 'पारस्परिक टैरिफ' को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाये जाने वाले कर की दर को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दिया है। ऐसा लगता है कि चतुर सुजान ट्रंप को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है।

टैरिफ वार के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके 'अमेरिका ग्रेट अगेन' के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिये आगे टाल रहे हैं। वैसे अभी भी यह अनुमान लगाना मुश्किल ही है कि उनकी यह नई समझदारी निरंतरता के साथ स्थायी होगी भी या नहीं। लेकिन अनिश्चय के दौर से गुजर रहे वैश्विक बाजार को कुछ समय के लिये राहत जरूर मिली है। जिसका असर दुनिया के शेयर बाजारों पर भी नजर आया है। जिससे मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कुछ समय तक राहत की सांस ले सकती हैं।

वैसे भारत ने ट्रंप के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रंप के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। इस फैसले को लेकर विपक्षी आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं। दरअसल, दांव पर दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय समझौता भी है, जिस पर नई दिल्ली और वाशिंगटन काम कर रहे हैं।

भारत का लक्ष्य है कि दोनों देशों के बीच व्यापार को ढाई गुना बढ़ाना है। भारत ने चतुराई से असहज स्थितियां पैदा करने वाले कारकों को टाला है। बहरहाल, हाल में मिली राहत के बीच यह सुनिश्चित करने के लिये निरंतर बातचीत की आवश्यकता होगी कि भारत को लंबे समय तक भारी टैरिफ का बोझ न उठाना पड़े। साथ ही भारतीय हितधारकों को अधिक नुकसान से भी बचाया जाना चाहिए। वहीं चीन ने अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपे जाने के खिलाफ अंत तक व्यापार युद्ध लड़ने की कसम खाई है। उसने मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिका विरोधी मोर्चा बनाने के लिये यूरोपीय संघ और आसियान के देशों से संपर्क साधा है। ऐसा लगता है कि चीन को इस बात का अहसास हो चला है कि टैरिफ युद्ध में वह अकेला ही अमेरिका का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि चीन भारत को संकेत दे रहा है कि दो सबसे बड़े विकासशील देशों को मौजूदा कठिनाइयों को दूर करने के लिये एक साथ खड़ा होना चाहिए।

भारत चीन के इस अवसरवाद को बखूबी समझता है,लेकिन एक मुश्किल बात यह है कि चीन और अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। अतीत में चीन की भारत के खिलाफ जिस तरह की हरकतें रही हैं और जिस तरह वह दक्षिण एशिया में भारत की घेराबंदी कर रहा है, उसके मद्देनजर चीनी आकांक्षा के प्रति भारत को सतर्क प्रतिक्रिया देनी चाहिए। लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये बेहद सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

# राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो



– ललित गर्ग –

मुंबई में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की ब?ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करो? का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26-11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है।



देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा? भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पक? गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से ल?ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है।

17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन पाक प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोर्ल्ड कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पक?ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पक?ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छो? वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन-जन के हृदय पटल पर अंकित है।

कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के रूप में पेश किया। धीरे-धीरे उसने फिल्म जगत में नामी-गिरामी हस्तियों से जान-पहचान ब?ाई। भारत यात्रा के दौरान उसने मुम्बई एवं देश के अन्य हिस्सों की रेकी की जहां पर हमला किया जाना था। पाकिस्तानी पिता और अमरीकी माँ की औलाद हेडली अमरीका में एक समय रंगीन ?िन्दगी गु?ार चुका था जिसके दौरान ड्रग्स की तस्करी के लिए उसे जेल भी हुई थी। भारत ने हेडली के प्रत्यर्पण के लिए भी अनुरोध किया था, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने उसे छो?ने से इनकार कर दिया, क्योंकि कई मामलों और डेनमार्क में एक हमले की नाकाम साजिश सहित 12 आतंकवाद से संबंधित आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी। उसने लश्कर, आईएसआई और अलकायदा के राज अमेरिका को बताए तब से ही हेडली अमेरिका की सम्पत्ति बन गया है। फिलहाल हेडली का अमेरिका में सुरक्षित रहना ब? सवाल ख? करता है। इस बीच भारत ने राणा को मोस्ट वॉन्टेड घोषित कर दिया और 28 अगस्त 2018 भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने, युद्ध छे?ने, हत्या, जालसाजी और आतंकवादी हमले के आरोपों पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

# चमकी राष्ट्रवाद की शान, पकड़ाएगा आतंकी पाकिस्तान

-सरयूसुत मिश्रा-

मुंबई हमले की याद ताजा हो गई है. पीड़ित परिवारों के मुरझाए चेहरे न्याय की आशा में खिल गए हैं। हमले का मास्टरमाइंड आतंकी तहव्वुर राणा को भारत लाने में सफलता मिल गई। अमेरिका से उसका प्रत्यर्पण हो गया है। मुंबई का गुनहगार अब दिल्ली के तिहाड़ में राज खोलेगा..!!

सत्रह साल के इंतजार के बाद उसे भारत लाने में सफलता पर भी श्रेय की राजनीति हो रही है। इसमें कोई दो राय नहीं हैकि भारत में राष्ट्रवाद के महाराणा के प्रयासों से ही आतंकी भारत आ सका है।

मुंबई और पूरा देश तो यही चाहता है कि हमले की साजिश का पर्दाफाश हो। हर गुनहगार को कड़ी सजा मिले। न्याय की प्रक्रिया में देरी न हो। देश की भावनाएं तो यही है कि आतंकी को फांसी दी जाए।


सजा देने का काम सरकारों का नहीं ह। अदालतें सजा तय करेंगी। भारत में भले ही कुछ कम हो लेकिन मानव अधिकार और स्वतंत्रता का संरक्षण सबसे ज्यादा है। आतंकी के पक्ष और विपक्ष में भी बहस के लिए तर्कवीर मिल जाएंगे।

हमले में जो मारे गए हैं उनके परिवारों के मानवाधिकारों पर कम हो हल्ला होगा, लेकिन आतंकी को न्याय के अधिकार की पूरी स्वतंत्रता मांगने वाले खड़े हो जाएंगे। आतंकी को विधिक सहायता मिलेगी। कानून की प्रक्रिया इतनी लंबी और जटिल होती है कि, आतंकी भी उसका पूरा फायदा उठाता ह। केंद्र सरकार ने जिस ढंग से मुंबई हमले के गुनहगार को भारत में कानून के सामने लाने के लिए कड़ी मेहनत की है, उससे यह भरोसा मजबूत होता है, कि पीड़ित परिवारों को जल्दी ही न्याय मिलेगा।

अमेरिका में न्याय स्वतंत्रता और ज्यूडिशल एक्टिविज्म कम नहीं ह। इसके बावजूद भारत के गुनहगार आतंकी राणा को अमेरिका की कोर्ट में गुनहगार साबित करने के बाद ही भारत सरकार और एनआईए को उसे भारत लाने में सफलता मिल पाई है।

भारत का दृढ विश्वास रहा है कि, मुंबई पर आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान की साजिश रही ह। आतंकी राणा भी पाकिस्तान की सेना से जुड़ा रहा ह। भले ही पाकिस्तान अभी उसे अपना नागरिक मानने से इनकार कर रहा हो लेकिन सबूत यह साबित करेंगे कि, राणा के आतंक की फैक्ट्री पाकिस्तान में ही है।

मुंबई हमले की साजिश कितनी गहरी थी उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि, आतंकवादी सनातन समाज की संस्कृति के प्रतीक कलावा हाथ में बांधकर आए थे। अगर कसाब जैसे आतंकवादी को जिंदा नहीं पकड़ा गया होता तो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को भी भारतीय समाज में विभाजन के आतंकवाद से जोड़ दिया जाता।



इसके बावजूद इस घटना से हिंदू आतंकवाद को जोड़ा गया। इसके पीछे आरएसएस की भूमिका भी कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा बताई गई। भारत की जांच एजेंसियां दक्षता के साथ पाकिस्तान की साजिश बेनकाब नहीं करतीं तो फिर भारत में इतने बड़े हमले को हिंदू, मुस्लिम राजनीति पर बलि चढ़ा दिया जाता।

मुंबई की जब घटना हुई थी तब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी। यह सरकार इसके बाद भी पांच साल रही लेकिन मुंबई हमलों के अपराधियों को अदालत में पेश नहीं कर पाई। पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकत के लिए दंड नहीं दे पाई। इसके विपरीत हमले की घटना को ही हिंदू आतंकवाद से जोड़ने का महा अपराध जरूर किया गया।

इतने लंबे इंतजार के बाद जब आज आतंकी राणा भारत के कानून में लाया गया ह। जब यह आशा बंधी है, कि मुंबई हमले की साजिश का पर्दाफाश होगा। पाकिस्तान में बैठे आतंकी राणा के आकाओं को पकड़ा जाएगा। अब फिर से वही वोट बैंक की राजनीति शुरू हो गई है। मीडिया बहसों में तो विभिन्न राजनीतिक दलों के नुमाइंदे जिस तरह के तर्क रख रहे हैं, उससे तो ऐसा ही लग रहा है कि, वर्तमान सरकार ने प्रत्यर्पण के लिए कोई प्रयास नहीं किया। यह तो पुरानी सरकार के समय प्रारंभ पहल का स्वाभाविक नतीजा ह।

जबकि यह स्पष्ट है कि, पीएम नरेंद्र मोदी के अमेरिका प्रवास के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बातचीत में ही इस प्रत्यर्पण का निर्णय लिया गया था। राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को भी राष्ट्रीय सौहार्द के नाम पर वोट बैंक की भेंट चढ़ाना कुछ राजनीतिक दलों की आदत हो गई ह।

जब भी कोई व्यक्ति या व्यवस्था आदत का शिकार बन जाती है, तो वह यंत्रवत व्यवहार करने लगती ह। उसे पता भी नहीं चलता है कि वह वोट बैंक की राजनीति कर रहा ह। इससे राष्ट्रहित को नुकसान हो रहा ह। वह वही देखता है, जो वह देखना चाहता ह। वोट बैंक की राजनीति राजनीतिक दलों की आंखों पर पट्टी बांध देती ह। न उन्हें कानून का राज दिखाई पड़ता है और न ही उन्हें संविधान का मर्म समझ आता ह।

सत्ता हथियाना उनका मौलिक लालच होता ह। जब किसी को लालच चढ़ता है, तो उसे भला बुरा भी दिखाई नहीं पड़ता।

आतंकी राणा को अदालतों से जब तक सजा नहीं मिल जाएगी, तब तक यह मामला न्यायिक प्रक्रिया में तो चर्चा में रहेगा लेकिन राजनीति के लिए भी यह खुराक काम आती रहेगी। पाकिस्तान हो, आतंकवादी हो और वह भी ऐसे समुदाय से जो भारत में वोट बैंक का बड़ा ग्राहक हो, तो फिर उस पर राजनीति को कोई भी रोक नहीं सकता।

अभी तो बिहार में चुनाव हैं। फिलिस्तीन का समर्थन करने वाले आतंकी राणा का समर्थन करते हुए भी चुनावी लाभ लेने का प्रयास करें तो कोई भी आश्चर्य नहीं हो जाना चाहिए।

मुंबई हमले का गुनाहगार भारत लाने से राष्ट्रवाद की शान बढ़ी है। पाकिस्तान की आतंकवादी फैक्ट्री एक्सपो? होने की उम्मीद जगी है। राजनीति को तो एक नया काम मिल गया ह। राणा अमेरिका में था तो सब चुप थे अब उसे भारत लाया गया है तो एकदम से राजनीतिक दल तर्क-वितर्क के साथ खड़े हो गए हैं।

राष्ट्रीय सौहार्द्र के नाम पर आतंक अब भारत में नहीं चल सकता। राष्ट्रवाद का महाराणा राष्ट्र की गरिमा और मर्यादा को राजनीति से ऊपर पहुंचा पाएगा तो यह विश्व के सामने नए भारत का नया रूप होगा। राष्ट्रवाद पर भारत पीछे तो जा नहीं सकता, अब आगे ही बढ़ता जाएगा। राष्ट्रीय सौहार्द्र के नाम पर राष्ट्रवाद को कमजोर करने की कोशिश वोट बैंक के व्यापार का ही एक रूप है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail—com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakashĐin

## हनुमान जन्मोत्सव पर प्रधान आरक्षक ने बांदकपुर में किया जलयोग



**दमोह।** जिले की बांदकपुर चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक भगवानदास दाहिया ने आज हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बांदकपुर में सवा 5 किलो गदा लेकर और जय श्री राम के जयकारों के साथ पताका लहराते हुए जलयोग किया, उन्होंने बताया कि वो बचपन से ही जलयोग साधना करते आए है, और यह भगवान की साक्षात कृपा का ही उदाहरण है, कि वे घंटों पानी में जलयोग करते रहते है? वहीं आपको बता दे, कि प्रधान आरक्षक दाहिया को पूर्व में राज्य वीरता पुरस्कार और योग पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## वक्फ संशोधन बिल वापस लेने को महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम आमला को ज्ञापन




**सांध्य प्रकाशयोगेश गुप्ता आमला।** आमला मुस्लिम कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा लाया वक्फ संशोधन बिल को पूरी तरह वापस लिए जाने को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुभागीय अधिकारी को सामूहिक से ज्ञापन दिया है। मुस्लिम समाज कहना है। कि केन्द्र सरकार द्वारा जो वक्फ संशोधन बिल 2025 लाया गया है। उसका विरोध करते है। कारण यह बिल संविधान विरोधी तथा अल्प संख्यक मुस्लिम समाज के सामाजिक, धार्मिक परम्परा, एंव उनकी सम्पत्ति पर हस्तक्षेप करना है। कहा कि इस बिल से वक्फ सम्पत्ति पर वर्तमान सरकार का कब्जा हो जायेगा। और सरकार मनमाने तरीके से उपयोग करने के लिए स्वतन्त्र हो जायेगी।बल्कि अन्य समाज के लोगो की नियुक्ति कर केन्द्र सरकार मुस्लिम समाज के अपने कार्य क्षेत्र में बाधा उत्पन्न करने के लिए जानबूझकर हस्तक्षेप करने का प्रयास कर रही है। जिससे मुस्लिम समाज को आघात पहुंचा है। आमला नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगो ने इस बिल को मुस्लिम समाज एवं संविधान विरोधी बताया है। उन्होंने सामूहिक रूप से ज्ञापन के जरिये वक्फ संशोधन बिल को वापस लिए जाने भारत सरकार से मांग करी है।

## विधायक ने किया सीसी रोड और सुदूर सड़क का भूमि-पूजन

**छतरपुर।** छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को ग्राम पंचायत देरी में 24 लाख 75 हजार रुपए से बनने वाली दो सड़कों के निर्माण कार्य के लिए विधि-विधान से भूमि-पूजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह यादव मोनू ने की। मनरेगा मद से 19 लाख 75 हजार रुपए से सुदूर सड़क निर्माण कार्य पठापुर मैन रोड से वनवासी सरकार मंदिर तक किया जाएगा। जबकि सीसी रोड का निर्माण विधायक निधि की 5 लाख की राशि से ग्वालबाबा के पास होगा। भूमि-पूजन के पूर्व विधायक श्रीमती ललिता यादव ने वनवासी सरकार मंदिर में मत्था टेका। इस अवसर पर देरी सरपंच योगेंद्र अहिरवार, उप सरपंच तखत सिंह चंदेल, सचिव गोविंद दास रावत, सह सचिव राजकुमार पाठक सहित ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि पठापुर मैन रोड से सड़क बन जाने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी सहुलियत होगी। इसी तरह ग्वालबाबा जाने वाले लोगों के लिए सीसी रोड से सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। विकास में कोई कसर छोड़ी नही जाएगी।

### मंत्री पटेल ने ग्राम रीछई में किया विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

# छोटी नदियों के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए आम नागरिकों की भागीदारी जरूरी

### प्रकृति का अनुपम वरदान है जल

नरसिंहपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने करेली जनपद पंचायत रीछई में लगभग 50 लाख रुपए की लागत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र, दाने दादा से मृगेन्द्रनाथ धाम की ओर सुदूर सडक, सामुदायिक भवन एवं आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक दो का लोकार्पण और खेल मैदान समतलीकरण सीडी एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

मंत्री पटेल कहा कि आज मृगेंद्रनाथ धाम आने का अवसर मिला है। यह धाम बहुत प्राचीन है।यहाँ से गहरा नाला का उद्गम हुआ है जो नर्मदा नदी में जाकर मिलता है। जिले में ऐसी बहुत कम नदियाँ है, जो नर्मदा में समाहित होती है। इस संबंध में उन्होंने सागर जिले के केसली जनपद के खैरी गांव का उल्लेख करते हुए बताया कि यह दो नदियां सुनार और सिंदूर का उद्गम स्थल है।मंत्री पटेल ने बताया कि उनके गुरु श्री श्री बाबा श्री जी ने कहा था कि नदी का उद्गम ऊर्जा और नदी का संगम जीवन देता है। हमने अपने लालच के लिए जल का दोहन तो किया है लेकिन उसके संचयन के लिए ध्यान नहीं दिया। मृगेंद्रनाथ धाम के समीप गहरा नाला बारहमासी नहीं है, हमें इसके कारणों को जानना होगा जिससे हम इसमें जल संरक्षित कर सके।



मंत्री पटेल ने बताया कि राज्य सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। छोटी नदियों और जल स्त्रोतों के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए न केवल प्रशासन बल्कि आम नागरिकों की जन भागीदारी भी आवश्यक है। छोटी- छोटी जल संरचनाओं को यदि हम सुरक्षित करते हैं तो भविष्य में जल संकट से बच सकते हैं और इसी उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश भर में वृहद स्तर पर शुरू किया गया है, जिससे हमारे जलाशयों की सफाई, छोटी नदी, तालाब आदि जल संरचनाओं को संरक्षित किया जा सके और पौधारोपण किया जा सके। सभी की भागीदारी से ही इस अभियान की सफलता है। हमें एकजुट होकर जल संरक्षण के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति का अनुपम वरदान है जल। इसे हमें अपने और भावी पीढ़ी के लिए बचाना होगा। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र सिंह ठाकुर, श्री रामसनेही पाठक, अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद थे। यहाँ मंत्री श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों ने प्रमोद कुमार चौधरी का सम्मान किया। उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए चौधरी द्वारा अपनी भूमि दान स्वरूप प्रदान की गई है।

मंत्री पटेल देवपुर के मृगेन्द्रनाथ मेला में उनके धाम पर जाकर दर्शन कर पूजा-अर्चना की और गौ-शाला पहुंचकर गौ-माता को खीर-पुरी खिलाई। कार्यक्रम में मंत्री व अन्य अतिथियों ने संगीत मंडली को पुरस्कृत भी किया।

## पालीवाल कॉलोनी के नाले के कारण अपने ही घरों में जाने से तरस रहे हैं रहवासी

**सिरोंज।** पालीवाल कॉलोनी का निर्माणाधीन नाला निर्माण एजेंसी की लापरवाही से दुर्घटनाओं की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। नाले के निर्माण के हालत यह है कि आमजन तथा रहवासियों की सुविधा के लिए स्थानीय पार्षद के प्रयासों से नगर पालिका द्वारा जिस निर्माणाधीन नाले का निर्माण कराया जा रहा है उसे ठेकेदार द्वारा लापरवाही से इस हालात में छोड़ा गया छोड़ा है कि अपने परिवारों से निकलने में भी बुजुर्गो को अब गिरने का डर सताने लगा है। हालत यह हे कि रहवासी नाले के आसपास के हिस्से की फिलिंग करवाने को भी तरस रहे हैं।



पालीवाल कॉलोनी के मुख्य मार्ग तथा इससे सत्कार बने नाले के बीच में पूरे सड़क किनारे गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका बनी हुई है। हालत यह हे कि रहवासियों ने बल्लियों पर लोहे की प्लेट लगाकर अपने घरों में जाना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर पालीवाल स्कूल में आने वाले छोटे छोटे बच्चों को नाला फलांग कर जान हथेली पर रखकर स्कूल में जाने को मजबूर है। हालांकि विगत दिनों स्थानीय पार्षद ने भी नाले के घटिया निर्माण की जांच करवाने,किए गए निर्माण कार्य की गुणवत्तानुसार भुगतान करने अथवा रोकने एवं ठेकेदार के लापरवाहीपूर्ण रवैए को लेकर ब्लैकलिस्टेड करवाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के लिए लिखित में शिकायत भी दर्ज कराई है।

## नवागत न्यायाधीशों का अभिभाषक संघ बैरसिया ने किया स्वागत

**बैरसिया।।** न्यायाधीश सुश्री रंजना डोडवे सिवनी से एवं न्यायाधीश अर्जित दुबे शुजालपुर से स्थानांतरित होकर न्यायालय बैरसिया में पदस्थ हुए हे।



दोनों नवागत न्यायाधीशों की बैरसिया न्यायालय में पदस्थापना होने पर अभिभाषक संघ बैरसिया द्वारा न्यायालय परिसर में शुक्रवार को स्वर्ण जयंती सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों न्यायाधीश का अभिभाषक संघ बैरसिया के अध्यक्ष जितेन्द्र भटनागर उपाध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल सचिव बृजेश सक्सेना कोषाध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव सह सचिव मनोज श्रीवास्तव संचालक रघुनाथ यदुवंशी राजेश दुबे गायत्री ठाकुर सहित सभी अभिभाषकों ने पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत सम्मान किया और शुभकामनाएं दी। अभिभाषक अनार सिंह ठाकुर एवं अभिभाषक राजीव श्रीवास्तव द्वारा स्वागत गीत गया गया जिसकी सभी ने करतल ध्वनि से सराहना की। स्वागत कार्यक्रम में जिला अपार एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार बांदिल पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष सुभाष जैन एवं कैलाश जोशी द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए।

अभिभाषक संघ बैरसिया के अध्यक्ष जितेन्द्र भटनागर ने नवागत न्यायाधीशों से न्याय प्रक्रिया में सहयोग देने की बात कही। न्यायाधीश सुश्री रंजना डोडबे एवं न्यायाधीश अर्जित दुबे ने स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत करने के लिए अभिभाषक संघ बैरसिया को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल हनीफ खान कर रहे थे आभार प्रदर्शन अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल ने किया। इस अवसर पर जिला अपार एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार बांदिल न्यायाधीश राजन गुप्ता न्यायाधीश सुश्री अर्पणा सोनी न्यायाधीश सुश्री रंजना डोडबै न्यायाधीश अर्जित दुबे अभिषेक संघ बैरसिया के अध्यक्ष जितेन्द्र भटनागर उपाध्यक्ष कैलाश बंसल सचिव बृजेश सक्सेना कोषाध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव सह सचिव मनोज श्रीवास्तव संचालक रघुनाथ यदुवंशी राजेश दुबे गायत्री ठाकुर सहित बैरसिया न्यायालय के सभी अभिभाषक मौजूद थे।

## हरदुआ मानगढ़ में 20 लाख की राशि से सामुदायिक भवन व 10 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत

**दमोह।** हरदुआ मानग में 20 लाख की राशि से सामुदायिक भवन स्वीकृत हुआ और वो सामुदायिक भवन बनाने का काम शीघ्र शुरू होगा। आंगनवाड़ी की भी डिमॉड हरदुआ मानग ग्राम में थी 10 लाख की राशि से आंगनवाड़ी भवन भी स्वीकृत हुआ है, दो भवनों का भूमि पूजन किया गया है। विधायक निधि से 2 लाख की राशि मंदिर के लिए स्वीकृत की गई है। अभी 2600 रूपये क्विंटल में गेहूं खरीदी का काम सरकार कर रही हैं, और धान की फसल पर 4000 रूपये हेक्टेयर बोनस देने की भी घोषणा हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी ने की हैं। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज जबेरा विधानसभा के दूर दराज क्षेत्र के ग्राम हरदुआ मानग? में आंगनबा?ी एवं सामुदायिक भवन का भूमिपूजन दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल भी मौजूद थीं।




संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा ग्रामीणों की मांग थी हमारे बाल बच्चे हैं, उनकी शादी ठीक से नहीं हो पाती क्योंकि अब स्कूल देना सरकार ने बंद कर दिए तो 20 लाख की राशि से सामुदायिक भवन आपके यहाँ बनके तैयार होगा, जिसमे एक बड़ा हॉल, लेट बाथरूम भी बनेगा। यहाँ के लगभग सारी स?कें बनकर तैयार हैं, जो एक दो काम रुके हुए हैं, तो उस पर बात चल रही है। जल्दी वह काम भी शुरू हो जायेगें।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा आज हरदुआ मानगढ़ में सामुदायिक भवन और आंगनवाड़ी का भूमि पूजन हुआ है, मैं यही कहना चाहती हूँ की यहाँ के बच्चों को बहुत अच्छी सुविधा मिले, जिससे उनका मानसिक विकास हो और महिलाओं के लिए जो टीकाकरण होते है, वह ए.एन.एम के माध्यम से लगते है। वह टीकाकरण हो और बच्चे भी विकास करें। उन्होंने कहा जो सामुदायिक भवन का निर्माण हो रहा हैं। यहाँ के जो गरीब परिवार है, और मध्यम वर्गीय परिवार है, जो शादी-विवाह करने के लिए यहाँ वहाँ भटकते रहते हैं, उनके लिये अब सामुदायिक भवन बनकर तैयार हो जायेगा इससे ग्रामीणों के लिये सुविधा हो जायेगी।।

## पानी को तरस रही नगर की जनता अधिकारियों को नहीं चिंता



**बैरसिया।** बीते 10 दिनों में नगर की जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है बीते 10 दिनों में बमुश्किल पानी टैंकर के माध्यम से पहुंच रहा है ऐसे में हालात दिन-ब-दिन खराब होते जा रहे हैं जहां लोग जहां से भी जुगाड़ लग रही है वहां से अपने घर के लिए पानी का इंतजाम कर रहे हैं हालात ऐसे हैं कि लोग दूर-दूर से पानी ला रहे हैं वहीं ऐसे में लोगों की समस्या का सुध लेने वाला कोई नहीं है खुद जनता सड़क पर आकर प्रदर्शन कर रही है वही शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नपा कार्यालय के सामने खाली मटका फोड़ के प्रदर्शन किया।

लोगों कहना है कि बीते 10 दिनों से पानी नहीं होने से सारे काम खराब हो रहे हैं पीने के पानी दूर से व्यवस्था करके लाना पड़ रहा है वही टैंकर माफिया भी लोगों की आपदा का भरपूर अवसर उठा रहा है 700 से लेकर ?1000 रुपए तक की मांग कर रहे हैं वहीं कल जनसमूह द्वारा नगर के तहसील मुख्यालय के सामने भी प्रदर्शन किया ऐसे में आंख बंद करें अधिकारियों को जनता की समस्या नहीं दिख रही है

वही नगर पालिका के अधिकारियों से जब बात की जाती तो अधिकारी समस्या को जल्द से जल्द खत्म करने की बात कहते हैं परंतु एक ही जवाब सुन सुनकर जनता का सब्र का बांध टूटता जा रहा है।

जब हमने अधिकारियों से पानी की सप्लाई के बारे में पूछा तो अधिकारी द्वारा मोटर के खराब होने की बात कहीं गई बीते 10 दिनों में मोटर के दो बार खराब होने से ऐसे हालात उत्पन्न हुए हैं हम जल्द से जल्द सुधरने का प्रयास कर रहे हैं ऐसे में सवाल काफी बड़े हैं पीने के पानी से जुड़ी शासन की योजना धरातल पर लाने में सालों का समय कहीं ना कहीं कमजोर व्यवस्था को दिखाता है जब जनप्रतिनिधि यह कहते हैं कि हमने शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचया है ऐसे में हालात पानी से जुड़े हुए हो तो सारी व्यवस्थाओं की पोल छोटी सी समस्या से खुल जाती है ऐसे में सालों से शासन की योजनाओ को नगर पालिका द्वारा पूर्ण न करना कहीं ना कहीं अधिकारियों की लापरवाही को दिखाती है ऐसे में अधिकारियों की लापरवाही के कारण आने वाले समय में जनता को पानी की समस्या से और भी ज्यादा जूझना पड़ सकता है।

## घोड़ाडोंगरी बैंक से किसान को बिना जानकारी हो गया लोन, वसूली नोटिस भी जारी

### शिकायत पर जांच करवाने तहसीलदार ने कलेक्टर को पत्र लिखा

**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता घोड़ाडोंगरी** । ग्राम पंचायत पांढरा के निवासी आदिवासी रामरत्न गोंड ने घोडा. तहसील कार्यालय में सेंट्रल बैंक प्रबंधन और उनके गांव के पूर्व सरपंच की सांठगांठ किसान क्रेडिट कार्ड लोन के सबंध मे धोखाधड़ी किये जाने की सही जांच और कार्यवाही को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं की उपस्तिथि में तहसीलदार कार्यलय में मौजूद जिम्मेदार महिला कर्मी को शिकायत पत्र दिया है। उनका कहना है। वर्ष 2008 में खाता खोला था। और खेत में बोर करवाने के लिए एक लाख रुपए लोन लिया था। जिसमे पूर्व सरपंच कमल मर्सकोले की भूमिका रही थी। उसके बाद वे कभी भी बैंक नही गये। किसान क्रेडिट कार्ड की लोन की राशि कमल मर्सकोले ने रामरतन से वापस पूरा नगद ले लिया था। लेकिन आश्वासन देने बाद बाद भी कमल ने उस पैसो से रामरतन के खेत में 2025 तक कोई बोर नही करवाया। बल्कि रामरतन को लिया हुआ पैसा वापस भी नही किया। जिसकी शिकायत रामरतन ने पहले भी कलेक्टर से किया था। लेकिन पूर्व सरपंच कमल के खिलाफ कार्यवाही नही की गई। रामरतन ने पूरा मामला आप आदमी पार्टी के अजय सोनी को उसके साथ हुई धोखाध?ी की बात बतायी। जब बैंक से नया अकाउंट स्टेटमेंट निकाला गया। तब जानकारी मिली की वर्ष 2008 मे लिया गया लोन राशि को बैंक में जमा कर दिया गया था। बल्कि पुनः लोन लेने की पूरी कार्यवाही की जाकर दुसरी और तीसरी बार भी लोन लिया गया है। जिसमे कमल मर्सकोले को संदिग्ध बता रहे है। वहिं किसान आदिवासी रामरतन ने बताया कि उनके द्वारा सेन्ट्रल बैंक घोडाडोंगरी से दुबारा और तीसरी बार लोन लेने ले लिए कोई प्रकिया नहीं की बल्कि कोई हस्ताक्षर भी नही किये। हैरानी की बात है। कि रामरतन वर्ष 2008 के बाद से बैंक नहीं गया। रामरतन को अब सेन्ट्रल बैंक घो?ाडोंगरी ने लगभग दो लाख सत्तर हजार रुपये का नोटिस भेजा है। जिसको लेकर रामरतन और पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। और अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। आप आदमी पार्टी प्रदेश सचिव अजय सोनी ने लोन के सबंध ऐसे फर्जी तरीके से लेन देन किये जाने बैंक पर अविश्वाश जताया है। सोनी ने सांध्य प्रकाश को बताया कि किसान आदिवासी रामरतन ने कलेक्टर को शिकायत पत्र लिखा है। कहा कि कार्यवाही होना चाहिए। उन्होंने निष्पक्ष जाँच की मांग की है। कार्यवाही ना होने पार्टी उग्र होने विवश होगी और प्रदर्शन भी करेगी। उन्होंने कहा कि जिले मे उच्च स्तर पर जांच किये जाने पर और कई मामले इस तरह के फर्जीवाड़ा के सामने आ सकते है। ग्रामीण इलाकों में अशिक्षित लोग शिकार हो रहे है। श्री सोनी जानकारी दी की सेंट्रल बैंक घोड़ाडोंगरी पूर्व में भी विवादित रही है। और कार्यवाही भी की गई थी। फिलहाल इस मामले में किसान रामरतन की शिकायत के बाद तहसीलदार ने जांच के लिए जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी को अपने कार्यलय से पत्र लिख दिया है। पीड़ित आदिवासी रामरतन के समर्थन मे आम आदमी पार्टी प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी, विनोद जगताप मनोहर पचौरिया अजय सरनकर शिबू विश्वकर्मा एडवोकेट धनराज नागले शिवरतन चौहान, सहित ग्रामीण भी मौजूद थे।




## हनुमान जन्मोत्सव पर ऐतिहासिक चल समारोह निकाला

### जय हो महावीर तेरी जय हो रघुवीर तेरी जयघोष से गूंजा नगर

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** नगर में मंदिरों व घरों में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी हनुमान चालीसा के पाठ शुरु। नगर औबेदुल्लागंज में युवाओं में बहुत उत्साह है, युवाओं द्वारा नगर को सजाकर भगवामय में कर दिया । सभी धर्मप्रेमी युवा कई दिनों से रात भर मेहनत कर नगर को सजाने में लगे हुए थें। नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित 12 अप्रैल दिन शनिवार को शोभा यात्रा शाम 5 बजे श्री हनुमान मंदिर (मढ़िया) से प्रारंभ होगी जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर बस स्टैंड पर समापन होगा। चल समारोह में हनुमान जी की विशाल मूर्ति, विहंगम विद्युत व्यवस्था, डमरू वादन, अखाड़ा और डी जे आकर्षण का केंद्र रहेंगे। नगर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, समाजों और परिवारों द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई थी। वहीं दिन में बस स्टैंड हनुमान मंदिर पर 12 अप्रैल शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।





## महालक्ष्मी मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**छतरपुर।** सरानी दरवाजा बाहर स्थित सिद्धपीठ माँ महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा 12 अप्रैल को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। पिता रामलाल अग्रवाल एवं माताजी कमला देवी अग्रवाल की स्मृति में उनके पुत्र संतोष कुमार अग्रवाल, पुत्रवधु पुष्पा देवी एवं नाती आयुष अग्रवाल गोयल परिवार के सहयोग से यह निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 12 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण होगा एवं चश्मा भी दिया जायेगा। परीक्षण में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर उसी दिन शिविर के तत्काल बाद निजी वाहन से ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन निःशुल्क व सशुल्क दोनों प्रकार के होंगे। मरीजों को चित्रकूट जाने व वापस आने, भोजन व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। अग्रवाल समाज के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि मरीजों को शिविर में आधारकार्ड या उसकी फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है।


## कार्यालय नगर परिषद सुल्तानपुर जिला रायसेन (मप्र)

Email-cmosultanpur@mpurban.gov.in Ph. 7974525807

क्रमांक/लो.नि./290/2025 सुल्तानपुर दिनांकः-11.04.2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत तेकेदारों से आन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_416171_1 | CONSTRUCTION OF WBM ROAD SULTANPUR | 1. 3 माह 2. 2300967 | 1. 5000 2. 17258 | 13.05.2025 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सुल्तानपुर जिला रायसेन (म.प्र.)**

# बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने महिलाओं के लिए विशेष रूप से बनाया समग्र सुरक्षा समाधान लॉन्च किया

**पुणे, एजेंसी।** भारत की प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज आलियांज लाइफ सुपरवुमन टर्म (एसडब्ल्यूटी) लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक समग्र सुरक्षा समाधान है। यह अभिनव समाधान पारंपरिक जीवन बीमा से कहीं आगे जाकर न केवल टर्म इंश्योरेंस लाभ देता है, बल्कि महिलाओं से जुड़ी विशेष बीमारियों के लिए क्रिटिकल इलनेस बेनिफिट्स का कवरेज भी देता है. साथ ही एक वैकल्पिक चाइल्ड केयर लाभ, और स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाएं भी प्रदान करता है, जो महिलाओं और उनके परिवारों के लिए समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करता है। महिलाएं अपने परिवार की बेहतरीन देखभाल करती आई हैं, ऐसे में उनकी खुद की वित्तीय सुरक्षा भी उतनी ही मजबूत होनी चाहिए। बजाज आलियांज लाइफ सुपरवुमन टर्म उन्हें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाए रखने में मदद करता है और उनके जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित करने में सहायक है, जो उनके भावी जीवन के हर एक चरण में उन्हें आत्मविश्वास और स्थिरता प्रदान करता है। महिलाओं की बदलती भूमिकाओं और उनकी विशेष वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह योजना बीमा धारक की मृत्यु पर नामांकित व्यक्ति को एकमुश्त राशि प्रदान करती है ताकि आश्रितों का भविष्य सुरक्षित रह सके। एसडब्ल्यूटी के साथ मिलने वाले गंभीर बीमारी यानी सीआई राइडर के अंतर्गत 60 प्रमुख गंभीर बीमारियों का कवरेज शामिल है, जिसमें महिलाओं से संबंधित बीमारियां जैसे ब्रेस्ट कैंसर, सर्विक्स कैंसर, और ओवरी कैंसर शामिल हैं। यह बीमा प्लान उन्हें जरूरत पड़ने पर इलाज के दौरान वित्तीय तनाव से मुक्त रखता है। बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, यह योजना एक वैकल्पिक चाइल्ड केयर लाभ भी देती है, जो एसडब्ल्यूटी के साथ पहली बार पेश किया गया है। इसके अंतर्गत दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति में बच्चे की पढ़ाई के लिए मासिक आय सुनिश्चित की जाती है।

## पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज को रेटिंग दिग्गज से 11.18 करोड़ की बड़ी डील

**मुंबई, एजेंसी।** पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड , जो उन्नत एंटरप्राइज़ सॉफ़्टवेयर सॉल्यूशंस और व्यापक आईटी सेवाओं की अग्रणी प्रदाता है, ने भारत की एक प्रमुख रेटिंग एजेंसी से 11.18 करोड़ मूल्य की एक महत्वपूर्ण सेवा ऑर्डर प्राप्त करने की घोषणा की है।यह सेवा ऑर्डर कंपनी की तकनीकी विशेषज्ञता और विश्वसनीयता पर एक और मुहर है, जो इसे भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में एक मजबूत भागीदार बनाता है। इस प्रतिष्ठित अनुबंध के तहत, पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज भारत की एक प्रमुख एजेंसी द्वारा प्रबंधित कई मिशन-क्रिटिकल एप्लिकेशनों के लिए एप्लिकेशन डेवलपमेंट और मेंटेनेंस सेवाएं प्रदान करेगी। यह कार्य तीन वर्षों की अवधि में फैला हुआ है — अप्रैल 2025 से मार्च 2028 तक — और एक मास्टर सर्विस कॉन्ट्रैक्ट द्वारा शासित है। यह नया अनुबंध कंपनी की उच्च गुणवत्ता वाली, विश्वसनीय और स्केलेबल डिजिटल समाधानों को डिलीवर करने की क्षमता को दर्शाता है, जो भारत की अग्रणी संस्थाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाए गए हैं। साथ ही, यह कंपनी की बाजार में स्थिति को और मजबूत करता है, विशेष रूप से वित्तीय सेवाओं और क्रेडिट रेटिंग उद्योग में एक विश्वसनीय टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में। नवाचार और क्लाइंट-केंद्रित डिलीवरी पर विशेष ज़ोर देते हुए, पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज महत्वपूर्ण सेक्टर्स में अपने प्रभावशाली और दीर्घकालिक तकनीकी गठबंधनों के ज़रिए अपने पांव तेजी से फैला रही है।इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री मुकेश ठुमर ने कहा- यह जीत इस बात का ठोस प्रमाण है कि उद्योग के दिग्गज हमारी क्षमताओं पर कितना विश्वास करते हैं। इतने बड़े पैमाने की परियोजना में साझेदारी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है - यह हमारे उस सफर को दर्शाता है जिसमें हम जटिल और व्यावसायिक रूप से अहम समाधान सफलतापूर्वक प्रदान कर रहे हैं। हम पूरी तरह तैयार हैं अपनी श्रेष्ठतम सेवाएं देने के लिए, और इस साझेदारी को हम अपनी विकास यात्रा का एक अहम पड़ाव मानते हैं। आगे बढ़ते हुए, हम फिनटेक क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, हम प्रतिभा, तकनीकी साधनों और नवाचार में निरंतर निवेश करते रहेंगे, ताकि अपने ग्राहकों को इस डिजिटल-प्रथम दुनिया में सशक्त बना सकें।

## पोको C71 फ्लिपकार्ट पर 6499 रुपये में ब्लॉकबस्टर डिस्प्ले और पावर-पैक्ड फीचर्स का मजा उठाएं




**मुंबई, एजेंसी।** सात हजार से कम रुपये में ब्लॉकबस्टर स्मार्टफोन का मजा लेने के लिए तैयार हो जाइए। पोको C71 आपके स्मार्टफोन चलाने के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पोको C71 में 6.88 इंच का HD+ 120Hz डिस्प्ले दिया गया है। गीले हाथों से भी फोन चलाने के लिए इसमें वेट टच डिस्प्ले है और यह आंखों की सुरक्षा के लिए ट्रिपल टीयूवी सर्टिफिकेशन के साथ आता है। इसमें 32MP का ड्युअल कैमरा और 5200 की बड़ी बैटरी भी दी गई है-वो भी अविश्वसनीय दामों में। तैयार हो जाइए। पहली सेल 8 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे फ्लिपकार्ट पर शुरू हो रही है ङ्क मौका न चूकें! शानदार लॉन्च कीमत। सेगमेंट का सबसे बड़ा और सबसे स्मूद डिस्प्ले 6.88 इंच का HD+ डिस्प्ले, 120 Hz रिफ्रेश रेट के साथ अल्ट्रा-स्मूद स्क्रॉलिंग और गेमिंग का अनुभव, जैसा पहले कभी नहीं था। स्लीक और स्टाइलिश डिज़ाइन गोल्डन रिंग कैमरा डेको और स्प्लिट-ग्रिड डिज़ाइन वाला बोल्ड लुक, सिर्फ8.26mm पतला। डेज़र्ट गोल्ड, कूल ब्लू और पावर ब्लैक तीन शानदार रंगों में। ट्रिपल सर्टिफिकेशन ब्लू लाइट रिडक्शन, फ्लिकर-फ्री डिस्प्ले और लो मोशन ब्लर आपकी आंखोंके लिए सबसे सुरक्षित डिस्प्ले। पावरफुल परफॉर्मेंस12GB डायनामिक रैम और ऑक्टा-कोर प्रोसेसर मल्टीटास्किंग अब और भी आसान। लंबे समय तक चलने वाली बैटरी 5200mAh की बैटरी और 15फास्ट चार्जिंग दिनभर का भरोसा,बिना रुके। कैमरा, जैसे प्रोफेशनल्स का हो 32MP डुअल कैमरा, नाइट मोड और फिल्म फिल्टर जैसे फीचर्स हर क्लिक बने मास्टरपीस। साफ और सुरक्षित एंड्रवायड 15 अनुभव 2 मेज अपडेट और 4 साल के सिक्योरिटी अपडेट्स एकदम फ्यूचर-रेडी स्मार्टफोन। पोको C71 युवा एवं एनर्जेटिक यूजर्स के लिए बनाया गया है, जो ट्रेंडी और काम के डिवाइस चाहते हैं। तो मौका न छोड़ें! फ्लिपकार्ट पर पहली सेल के ऑफर्स लाइव हैं । जल्दी से ऑफर्स का फायदा उठाएं, वरना चूकजाएंगे।

# मप्र में घंटों उड़ान नहीं भर सका प्रधानमंत्री मोदी का विमान

**ग्वालियर।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ग्वालियर स्थित महाराजपुरा एयरफोर्स स्टेशन पर घंटाभर इंतजार करना पड़ा। इस देरी का मुख्य कारण दिल्ली में खराब मौसम था, जिसके कारण पीएम मोदी के विशेष विमान को उड़ान भरने के लिए क्लीयरेंस मिलने में देर हुई। प्रधानमंत्री का यह ग्वालियर दौरा एक ट्रांजिट विजिट था, जिसमें उन्हें अशोकनगर जिले में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेना था।



प्रधानमंत्री मोदी का विमान दोपहर करीब दो बजे ग्वालियर के महाराजपुरा एयरफोर्स स्टेशन पर उतरा। हालांकि, इससे पहले बेंगलुरू के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट को सिविल एयरपोर्ट से 15 मिनट पहले रवाना किया गया। यह समय की सटीकता के कारण था, ताकि पीएम के विमान के आगमन के बाद और किसी तरह की विघ्न न हो। देर शाम, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम समाप्त हुआ और उन्हें दिल्ली वापस लौटना था, तो उनका विमान शाम 6ः30 बजे उड़ान भरने वाला था। हालांकि, खराब मौसम के कारण विमान के लिए क्लीयरेंस में देरी हो गई। इस कारण प्रधानमंत्री का विमान निर्धारित समय से एक घंटे बाद, यानी रात 7ः30 बजे, दिल्ली के लिए रवाना हो सका।

स्थानीय नेताओं ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए ग्वालियर में प्रमुख नेताओं की एक टीम उपस्थित थी। इस टीम में जिले के प्रभारी और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक मोहन सिंह राठौर, महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, और अन्य गणमान्य अधिकारी शामिल थे। इस यात्रा को लेकर प्रशासनिक और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क रहीं।

इसलिए खास है ग्वालियर एयरबेस

ग्वालियर एयरबेस भारतीय वायुसेना के लिए अत्यधिक सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह एयरबेस भारत की प्रमुख सैन्य ताकतों का हिस्सा है, और यहां से कई ऐतिहासिक मिशन संचालित किए गए हैं। उदाहरण के लिए, भारत द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक में भी ग्वालियर एयरबेस से लडाकू विमानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ग्वालियर एयरबेस, विशेष रूप से भारतीय वायुसेना के मिराज एयरक्राफ्ट के लिए एक प्रमुख स्टेशन है। कारगिल युद्ध में मिराज विमानों ने इस एयरबेस से उड़ान भरकर दुश्मन के ठिकानों पर बमबारी की थी और इसने दुश्मन के खिलाफ तीस हजार फीट की ऊंचाई से हमला किया था। इस एयरबेस की प्रतिष्ठा और सामरिक महत्व भारतीय वायुसेना की ताकत को दर्शाता है।

### सुरक्षा चौकसी, सभी अधिकारी रहे अलर्ट

ग्वालियर एयरबेस पर सुरक्षा और प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट पर थे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी एयरबेस में ही विमान में रहे और ग्वालियर से दिल्ली तक की यात्रा की तैयारी करते रहे। वहीं, ग्वालियर से बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट को पीएम के विमान के आगमन से पहले ही रवाना किया गया, ताकि यात्रियों को ज्यादा असुविधा न हो। इसके अलावा, मुंबई जाने वाली एक अन्य फ्लाइट को भी थोड़ी देर रोकना पड़ा, ताकि पीएम के विमान को प्राथमिकता दी जा सके। सभी यात्रियों को फ्लाइट में विलंब होने की सूचना पहले ही दे दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप के पास होती है। यह सुरक्षा टीम अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की गाइडलाइंस के अनुसार प्रशिक्षित होती है। इनमें शामिल जवानों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया जाता है। SPG जवानों के पास MNF-2000 असॉल्ट राइफल, ऑटोमेटिक गन और 17रूरिवॉल्वर जैसे आधुनिक हथियार होते हैं।प्रधानमंत्री के आसपास पहला सुरक्षा घेरा SPG जवानों का ही होता है, जो हर परिस्थिति में सतर्क रहते हैं। SPG के अलावा, एडवांस सिक्योरिटी संपर्क टीम , राज्य पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी प्रधानमंत्री की सुरक्षा का हिस्सा होते हैं।

प्रधानमंत्री के दौरों के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल: जब प्रधानमंत्री किसी राज्य का दौरा करते हैं, तो उनकी सुरक्षा के लिए विशेष इंतज़ाम किए जाते हैं। इसमें चार प्रमुख एजेंसियां शामिल होती हैं— SPG, ASL, राज्य पुलिस और स्थानीय प्रशासन।

एडवांस सिक्योरिटी संपर्क टीम: प्रधानमंत्री के दौरे की पूरी योजना तैयार करती है और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाती है। राज्य पुलिस प्रधानमंत्री के रूट और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। केंद्रीय एजेंसियां सुरक्षा स्थिति का आकलन कर अतिरिक्त इंतजाम करती हैं। SPG प्रधानमंत्री के निकटतम सुरक्षा घेरे को संभालती है और उनके आसपास मौजूद लोगों की सघन तलाशी लेती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस विमान से यात्रा करते हैं, उसे इंडिया वन या एयर इंडिया वन के नाम से जाना जाता है। इसे अमेरिका की बोइंग कंपनी ने विशेष रूप से भारत के लिए निर्मित किया है। वर्ष 2020 में भारत को बोइंग 777 मॉडल के दो खास विमान सौंपे गए, जो दुनिया के सबसे उन्नत और सुरक्षित विमानों में गिने जाते हैं। यह विमान 900 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है और एक बार ईंधन भरने के बाद 17 घंटे तक लगातार उड़ान भरने में सक्षम है। आपातकालीन स्थितियों में यह विमान हवा में ही ईंधन भरने की क्षमता भी रखता है। इसमें दो इंजन लगे हैं, जो इसकी उड़ान को अधिक सुरक्षित और निर्बाध बनाते हैं। इस विमान का उपयोग केवल प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति भी करते हैं।

पीएम मोदी का यह विशेष विमान अपनी अभूतपूर्व सुरक्षा और तकनीकी क्षमताओं के कारण दुनिया के सबसे महंगे विमानों में शामिल है। भारत ने बोइंग से दो एयर इंडिया वन विमान 8458 करोड़ रुपए में खरीदे हैं, यानी एक विमान की कीमत 4229 करोड़ रुपए है।

इस विमान की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगभग 500 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इसमें अत्याधुनिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम, उन्नत संचार प्रणाली और साइबर सुरक्षा तकनीक शामिल है, जिससे यह किसी भी खतरे से निपटने में सक्षम है। इस विमान की तुलना अमेरिका के राष्ट्रपति के एयरफोर्स वन से की जाती है, जो दुनिया के सबसे सुरक्षित विमानों में से एक माना जाता है। एयर इंडिया वन सिर्फ एक विमान नहीं, बल्कि एक हवाई किला है, जो प्रधानमंत्री और अन्य वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए आधुनिकतम तकनीकों से लैस है।

# न्यूमार्केट में नए व्यापारी संगठन का उदय

**भोपाल।** राजधानी के सबसे प्रतिष्ठित बाजार न्यू मार्केट के व्यापारियों ने अपने व्यापार संवर्धन संरक्षण एवड्ढ ग्राहक सुविधाओ के लिए एक नए संगठन न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति (रजि) का विधिवत रजिस्ट्रेशन प्राप्त किया । नए संगठन की सदस्यता हेतु रविवार 13 अप्रैल से बृहद सदस्यता-अभियान चलाया जाएगा, सर्वप्रथम इसके लिए सदस्यता आवेदन फार्म का वितरण न्यू मार्केट के व्यापारियों को किया जाएगा, न्यू मार्केट के सैकड़ो हजारों व्यापारी पिछले 2 महीने से इस नए संगठन की सदस्यता प्राप्ति के लिए उमंग और उत्साह के साथ इंतजार भी कर रहे थे।साधारण सदस्यता मात्र 200 रुपये मे दी जाएगी( नई पंजीकृत हुई समिति के संस्थापक अध्यक्ष सतीश गंगराड़े, संस्थापक उपाध्यक्ष अजय देवनानी, संस्थापक सचिव पुरुषोत्तम वरदानी, संस्थापक कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता को बनाया गया है। सदस्यता अभियान के पूर्ण होने के पश्चात अगले 3 माह में सभी सदस्यों के मध्य विधिवत निष्पक्ष निर्वाचित होकर आयी नई कार्यकारिणी कार्यभार सम्हालेगी। न्यू मार्केट की के इस नए संगठन के द्वारा सर्वप्रथम न्यू मार्केट मैं निम्नलिखित चार विकास कार्य शासन से बातचीत करके करवाए जाएंगे। 1. न्यू मार्केट






में नगर निगम के कई दशकों से बिना किसी अनुबन्ध के किराएदार रह रहे दुकान आवंटियों का निगम के साथ अगले 30 वर्ष का एकमुश्त किरायेदारी अनुबन्ध करवाया जायेगा। 2. न्यू मार्केट सराउंडिंग पार्किंग जो की लंबे समय से बंद पड़ी है उसको चालू करवाया जाएगा। 3. यू मार्केट में एसबीआई के सामने गणेश चौक का सौंदर्य करण करवाया जाएगा 4. न्यू मार्केट में न होकर जोन का सख्ती से पालन करवाया जाएगा उक्त चार कार्यों के पश्चात न्यू मार्केट को भोपाल शहर में स्वच्छता में नंबर वन बाजार बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे संपूर्ण न्यू मार्केट में फोर एवम टू व्हीलर पिंक पार्किंग, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिफिकेशन ,पेबेल्स फ्लोरिंग न्यू मार्केट मैं सभी जगह नए अच्छे सुविधा शौचालय एवं शी लाउंज,आर ओ प्याऊ,आधुनिक एलईडी युक्त/सीसीटीवी सूचना केंद्र, का निर्माण करवाया जाएगा समिति द्वारा सामाजिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु न्यू मार्केट के 1200 व्यापारियों और 3000 कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करके राजधानी की सबसे बड़ी रक्तदाता ब्रिगेड का गठन किया जाएगा।

आज शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारियों ने एकत्रित होकर न्यू मार्केट के खेड़ापति श्री हनुमान मंदिर में माथा टेककर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया

# उज्जैन व्यापार मेले में 43 दिन में 36 हजार से ज्यादा वाहन बिके, 28 हजार तो सिर्फ कारें बिकी

**इंदौर।** वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री के बाद उज्जैन व्यापार मेला 43 दिन बाद समाप्त हो गया। इस मेले ने वाहन बिक्री के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। 43 दिनों तक चले मेले में 36 हजार से ज्यादा वाहनों की बिक्री हुई। इस बार उज्जैन ने ग्वालियर मेले का भी रिकार्ड तोड़ दिया। ग्वालियर मेले की अपेक्षा उज्जैन में इस साल 22.5% ज्यादा वाहन बिके जिनमें कारों की संख्या ज्यादा हैं। पिछले साल से उज्जैन में ग्वालियर की तर्ज पर वाहन मेले की शुरुआत की गई है। इसमें वाहनों पर लगने वाले रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है। इस साल यह मेला 24 फरवरी से 9 अप्रैल तक चला। मेले में सबसे ज्यादा इंदौर के ही वाहन डीलर्स ने स्टॉल्स लगाए। यहां वाहन लेने आने वालों को भी ऑफर दिए कि वे टैक्स में फायदा लेने के लिए उज्जैन मेले से वाहन खरीदें। शर्त यही थी कि वाहन का रजिस्ट्रेशन उज्जैन में करवाना होगा।

इस छूट का फायदा लेने के लिए इंदौर-उज्जैन के साथ ही पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे। परिवहन विभाग के मुताबिक वाहन मेले में कुल




36,313 वाहनों की बिक्री हुई, जिसमें 28,451 कारें और 7,772 दो पहिया शामिल है। जबकि, ग्वालियर में 15 जनवरी से 25 फरवरी तक चले 40 दिवसीय व्यापार मेले में कुल 29,650 वाहनों की बिक्री हुई थी। इस तरह उज्जैन में ग्वालियर की अपेक्षा 6,663 वाहन ज्यादा बिके हैं।

### वाहन खरीदने वालों को 186 करोड़ का फायदा

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उज्जैन मेले में बिके 36 हजार से ज्यादा वाहनों से शासन को 186 करोड़ की आय हुई। अगर मेले की 50 प्रतिशत की छूट नहीं होती तो यह आय दुगनी यानी 372 करोड़ होती। इस तरह मेले से सरकार को 186 करोड़ का नुकसान हुआ और यह सीधे तौर पर लाभ के रुप में वाहन खरीदने वालों को मिला। मेले में 1 करोड़ से ज्यादा कीमत की 14 कारें भी बिकी।

### अब वाहन व्यापार हुआ ठंडा

फरवरी के अंत से शुरू होने वाले वाहन मेले के कारण लोगों ने जनवरी से ही वाहन लेना होल्ड कर दिया था। वहीं मेले का लाभ उठाने के लिए जो लोग अप्रैल से जून के बीच वाहन लेने की योजना बना रहे थे, उन्होंने भी लाभ के लिए मेले में वाहन खरीद लिए।

# सिट्रोएन इंडिया का एक्सक्लूसिव डार्क एडिशन लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** सिट्रोएन इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे स्टाइलिश रेंज सिट्रोएन डार्क एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक एक्सक्लूसिव और सीमित कलेक्शन है, जो सी3, एयरक्रॉस, और बासाल्ट एसयूवी कूपे के टॉप वेरिएंट्स में उपलब्ध होगी। इस एडिशन की कीमतें मौजूदा टॉप वेरिएंट्स की कीमतों से अतिरिक्त 19,500 से शुरू होकर बढ़ती जाती हैं। यानी, डार्क एडिशन चुनने पर आपको सामान्य टॉप वेरिएंट की कीमत के ऊपर कम-से-कम 19,500 ज्यादा चुकाने होंगे, जो मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।। क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी और सिट्रोएन के ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी ने इस नये डार्क एडिशन को लॉन्च किया और सीरीज से पहले बेसाल्ट डार्क एडिशन की पहली डिलीवरी भी ली। इससे वह इस स्पेशल एडिशन के पहले मालिक भी बन गए। देश भर में लिमिटेड यूनिट्स में उपलब्ध, सिट्रोएन डार्क एडिशन




भारतीय सड़कों पर एक यूनिक और प्रीमियम सिट्रोएन अनुभव प्रदान करने के लिए आकर्षक डिजाइन और उच्च स्तरीय इंटीरियर लाता है। सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा डार्क एडिशन शानदार स्टाइल के साथ बोल्ड डिजाइन को शामिल करने और भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती पसंद के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसकी आकर्षक ऑल-ब्लैक एस्थेटिक्स, सीमित उपलब्धता और प्रीमियम एडिशन के साथ हम स्पेशलिटी का एक शानदार लेवल प्रदान कर रहे हैं जो इस लाइनअप में प्रत्येक सिट्रोएन को वास्तव में स्पेशल बनाता है। डार्क एडिशन को लॉन्च के साथ ही हम एमएस धोनी का पहले ग्राहक के रूप में स्वागत करते हुए उत्साहित हैं, जो आधिकारिक तौर पर स्टाइल में सिट्रोएन ओनर्स क्लब में शामिल हो रहे हैं। सोफिस्टिकेशन का एक गहरा रंग- गहरे, पर्ला नेरा ब्लैक बॉडी रंग में सजे डार्क एडिशन मॉडल एक बोल्ड और स्पोर्टी लुक को शो करता है। इसके बाहरी हिस्से को शेवरॉन बैज, फ्रंट ग्रिल और बॉडी साइड मोल्डिंग पर डार्क क्रोम एक्सेंट के साथ-साथ बंपर और दरवाजे के हैंडल पर ग्लॉस ब्लैक ट्रीटमेंट के साथ और भी बेहतर बनाया गया है। डार्क एडिशन मॉडल में अंदर, ऑल-ब्लैक थीम एक अलग प्रीमियम वाइब के साथ जारी है। केबिन को मेट्रोपॉलिटन ब्लैक लेदरेट सीटों और एक कस्टम लेदरेट-रैप्ड इंस्ट्रूमेंट पैनल के साथ स्टाइल किया गया है।




**पद्म विभूषण सुश्री कुमुदिनी जी का देहांत हो गया है। इसके साथ ही कथ्थक के एक युग का आज अंत हो गया।**

# दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेले का आज से होगा भव्य शुभारंभ

**भोपाल।** सिंधी मेला समिति द्वारा लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में आज से पारिवारिक सिंधी मेले का भव्य आग़ाज होने जा रहा है, इस मेले की संपूर्ण तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी है। इस वर्ष यह मेला सिंधी सभ्यता एवं सुहिनी सभ्यता पर आधारिक होगा जिसमें प्रमुख रूप से समाज की संस्कृति, भाषा, बोली एवं सिंध की झलकियाँ को प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया जायेगा, इसके अलावा पहली बार इस मेले में सिंधी समाज का प्रमुख हिंगलाज माता का मंदिर जो वर्तमान में सिंध पाकिस्तान के बलूचिस्तान के प्रांत में हिंगोल नदी के किनारे पर स्थित है उस मंदिर का प्रारूप इस मेले प्रमुख आकर्षण का केन्द्र होगा। सिंधी मेला समिति के



अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि भगवान झूलेलाल के बहराने के साथ इस मेले की विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुरुआत कि जायेंगी, साथ ही मेले के प्रथम दिन देसी लेडी गागा (पिंकी मैदासानी, पिकोक) की प्रस्तुति भी इस वर्ष मेले में युवाओ के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी, साथ ही युवाओं में जोश भरने के लिए सिम्फ़ोनी बैंड को भी मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया है। रविवार को तारक मेहता उल्टा चश्मा फ़ैम टपू सेना भी इस सिंधी मेला में अपनी प्रस्तुति देकर इस मेले में चारचाँद लगायेंगे। इसके अलावा मेले में कई प्रकार के आकर्षण पुरस्कारों का भी वितरण समिति की और किया जायेगा।

# कई बड़े देश अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर शुल्क लगाने पर राजी, यूएन शिपिंग वार्ता में अहम फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के कई बड़े देश अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के कारण होने वाले उत्सर्जन पर मूल्य लगाने पर सहमत हो गए हैं। शिपिंग यानी समुद्रों में होने वाला बड़े जहाजों का परिवहन विश्व के सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रदूषणकारी उद्योगों में एक है। संयुक्त राष्ट्र की शिपिंग वार्ता में शुक्रवार को हुए अहम फैसले के बाद अब पहली बार ऐसा होगा कि सम्पूर्ण वैश्विक क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय कार्बन मूल्य निर्धारण तंत्र के अधीन काम करेगा। यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ - अंतर्राष्ट्रीय मैरिटाइम संगठन) की बैठक में शुक्रवार को लिया गया, जिसमें अमेरिका ने हिस्सा नहीं लिया। आईएमओ का यह टैक्स 2028 से लागू होगा और इसका उद्देश्य है कि शिपिंग उद्योग को ज्यादा साफ-सुथरे और हरित ईंधन की ओर ले जाया जाए। समुद्री जहाजों से निकलने वाला प्रदूषण वैश्विक स्तर पर तीन फीसदी कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। जैसे-जैसे जहाज बड़े होते गए और ज्यादा माल ले जाने लगे, वैसे-वैसे उनका ईंधन खर्च और प्रदूषण भी बढ़ा है। इस नए नियम के तहत अगर किसी देश ने आईएमओ के नेट जीरो फंड में योगदान नहीं दिया है या उसके जहाज पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, तो उसे प्रति टन कार्बन डाइऑक्साइड के लिए 100 अमेरिकी डॉलर का टैक्स देना होगा। आईएमओ दुनिया की शिपिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला संगठन है। इसका लक्ष्य है कि 2050 तक शिपिंग उद्योग को नेट-जीरो उत्सर्जन तक पहुंचाया जाए। इसका मतलब है कि जहाजों से जितनी ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं, उन्हें किसी न किसी तरह से पूरी तरह से संतुलित किया जाए।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 13 को

**छिंदवाड़ा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा छिंदवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बतया कि एसोएिशन की मासिक बैठक दिनांक 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को दोपहर 12.30 बजे से जनसेवा केन्द्र वार्ड नंबर 5, पुराने पी.डब्लू.डी. आफिस के पास छिंदवाड़ा में आयोजित की गई है। बैठक में वर्तमान में शासन द्वारा डी.ए., डी.आर. के संबंध में पेंशनरों के अहित में लिये गये निर्णय पर चर्चा कर बैठक में लिये गये निर्णयों को वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की संभागीय बैठक दिनांक 26.04.2025 को अमरकंटक में आयोजित बैठक के संबंध में आंदोलन के लिये सुझाव दिये जायेंगे। इसी प्रकार 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनरों को शासन के आदेश के बाद भी विभाग द्वारा भुगतान की कार्यवाही में अड़ंगे डाले जा रहे हैं, इस संबंध में भी आगामी आंदोलन में मुख्य बिन्दु के रूप में रखा जावेगा। अतः पेंशनरों से अपील है कि अपने हितों के लिये जागरूक होकर, संगठित होकर अपनी आवाज को बुलंद करें और अपनी जायज मॉंगो के लिये शासन को लगातार स्मरण कराने के लिये बैठक में अनिवार्यतः उपस्थित होवें।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने हनुमान जन्मोत्सव की दी शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने छिंदवाड़ा जिले के सभी निवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने कहा कि हनुमान जी आज भी धरती पर वास करते हैं और लोगों की दुःख तकलीफों को दूर करते हैं। शेषराव यादव ने सभी को संकट मोचक हनुमान जी के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सभी के लिए उनके आशीर्वाद की कामना की है।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में महाआरती एवं होगा महाप्रसाद का वितरण

**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवा समिति तहसील परिषद छिंदवाड़ा में श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह का आयोजन 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को अभिषेक एवं हवन प्रातः 5.00 बजे से 7.00 बजे तक, प्रातः 8.00 बजे से 9.00 बजे तक छप्पन भोग लगाया जायेगा एवं संध्या 7 बजे महाआरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण रात्रि 8 से 12 तक किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र साहू, सचिव रामकुमार सोनी, कोषाध्यक्ष संकेत मैद, सह कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र विश्वकर्मा, पंडिम श्रवण शर्मा, अंकित बघेल, गोल्डी भाई, अक्षय सोनी, कन्हैया पटवा, अनुज जायसवाल ने समस्त सनातनियों से अपील की है इस पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लें।

## आचार्य विद्यासागर महाराज के नाम से जाना जायेगा गोलगंज से लेकर जैन मंदिर तक का मार्ग

**छिंदवाड़ा।** आचार्य विद्यासागर जी महाराज के नाम से जाना जायेगा गोलगंज से लेकर जैन मंदिर तक का मार्ग, उक्त आशय की घोषणा गुरूवार की रात को गोलगंज में आयोजित भगवान महावीर के जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने की। वहीं जैन समाज द्वारा छिंदवाड़ा स्थित मटन मार्केट को हटाने की मांग पर सांसद श्री साहू ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मटन मार्केट को शहर से हटाकर बाहर शिफ्ट किया जायेगा।

## 15 अप्रैल को ऐथेलेटिक्स कैम्प का समापन

**छिन्दवाड़ा।** जिला ऐथेलेटिक्स संघ के कोच एवं सचिव राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुये बताया कि 1 अप्रैल से स्टेडियम ग्राउण्ड में ऐथेलेटिक्स कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका 15 अप्रैल 2025 को समापन किया जायेगा। उसी दिन एनआईडीजेएनएमराष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु 14 व 16 वर्ष के बालक बालिकाओं का चयन किया जायेगा। यह प्रतियोगिता 15 जून 2025 को तिरूपति में आयोजित की जा रही है। चयनित खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। ऐथेलेटिक्स कैम्प में ऐथेलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अभय दुग्गड़ जी का भरपूर सहयोग मिल रहा है कोच के रूप में राजेन्द्र सिंह ठाकुर व सुमंत लकड़ा, यश कुमार ,शिवम् यादव ,तुषार कनौजिया आदि का सहयोग सराहनीय है।

**तानशाही का बजट हुआ विफल...**

## परिषद की बैठक में नियमनुसार न रखने अपूर्व बजट पेश करने पर बजट को वापस लिया गया

**परासिया।** नगरपालिका में परिषद की बैठक मे नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह एवं भाजपा पार्षदो अनुज पाटकर पवन सूर्यवंशी ने भी आपत्ति के बाद और नियमनुसार बजट न रखने और अपूर्व बजट रखने के कारण बजट फेल हो गया और बजट को पुनः 15 दिनों पश्चात बजट को पूर्ण करके पेश किया जाएगा अध्यक्ष के तानशाही रवैया अपनाया था और नियम विरुद्ध जाकर काम किए जा रहे बजट जो की 31 मार्च से पहले पास हो जाना चाहिए था उसे अप्रेल माह बीत जाने के बाद मेरे द्वारा शिकायत करने पर की बजट पास नहीं होगा तो जनहित से और कमचारियों से जुड़ी हुई काम नहीं होंगे जल्दी बाज़ी में केवल श्र द्व ष्में रखकर पास किया गया जो नियमविरुद्ध है। परिषद् में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करने के बाद बजट पास किया जाना चाहिए जिसकी शिकायत नगरपालिका नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिह ने की।

# श्रद्धालुओं ने जाम सांवली हनुमान मंदिर में किए भारी संख्या में दर्शन



**सौसर।** श्री हनुमान जयंती को लेकर भगवान बजरंगबली के मंदिरों को आकर्षक साथ सजा एवं भगवा पताकाओं से सजाया गया है,श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली में शुक्रवार को प्रसिद्ध गायक सनी अलबेला के द्वारा भक्ति में गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की बार-बार तालियां बटोरी, शुक्रवार को हनुमान जयंती की पूर्व संध्या से ही जामसावली मंदिर में हजारों भक्तों का आना शुरू हो गया था, श्री हनुमान लोक जामसावली में आने वाले हजारों भक्तों की व्यवस्थाओं को लेकर श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी,ओर प्रशासन द्वारा कमान संभाली हुई है। आयोजन को लेकर पांढुर्णा पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, के द्वारा सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, डीएसपी डी व्ही नागर, चमत्कारी हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा के साथ आयोजन स्थल एवं मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए,शुक्रवार को श्री हनुमान मंदिर जामसांवली में सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, ऐडीएएस के अधिकारी विजय शर्मा, रितेश जैन,मंयक कोठारी आदि ने श्री मूर्ति की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जामसांवली मंदिर आकर मेरा जीवन धन्य हो गया......भजन गायक अनूप जलोटा.... 6 अप्रेल से जामसांवली श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर (हनुमान लोक) में चल रहे हनुमान जन्मोत्सव में गुरुवार की रात्रि मेंभजन संध्या, गंगा महाआरती का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान वाराणसी से आए विशेष पुरोहितों के द्वारा मां गंगा की आरती क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की,भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के द्वारा भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना के बाद में दर्शकों को भजनों के साथ श्रीराम स्तुति सुनाई,भजनों की शुरुआत काशी बदली अयोध्या बदली, अब जामसावंली के हनुमान लोक की बारी है के गाते ही दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। आयोजन के दौरान श्रीराम स्तुति ने संपूर्ण वातावरण राममय कर दिया। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे। कौन कहता है कि भगवान आते नहीं,मीरा बाई की भक्ति,ऐसी लागी लगन, मीरा हो गई मगन,इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर न हो,पर दर्शकों के द्वारा बार-बार तालियां बजाकर भजनों की प्रस्तुति पर वाहवाही के साथ प्रशंसा की, चर्चा के दौरान श्री जलोटा ने बताया कि जाम सांवली मंदिर आकर मेंरा जीवन धन्य हो गया है, भजन संध्या कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष गोपाल शर्मा के द्वारा भजन सम्राट अनूप जलोटा,ओर आयोजन में शामिल हुए वरिष्ठ अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया, शनिवार को संपन्न होने वाली श्री हनुमान जयंती महोत्सव में चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली में मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट से हनुमान भक्तों का जन सैलाब उमड़ने वाला है, छिंदवाड़ा बैतूल, सिवनी, सावनेर नागपुर से पदयात्रा से भक्तों का शुक्रवार की शाम से ही आगमन शुरू हो गया था, आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया लाखों की तादाद में श्री हनुमान मंदिर में आने वाले हनुमान भक्तों के लिए पेयजल,स्वास्थ्य,पुलिस सिक्योरिटी गार्ड सुरक्षा,पार्किंग, महाप्रसाद, सीसीटीवी से निगरानी विशाल मंडप, एम्बुलेंस, सहायता केंद्रआदि की भरपूर व्यवस्था प्रशासन और मंदिर कमेटी की ओर से की गई है, हनुमान जयंती पर शनिवार रात्रि 2 बजे त्रिमूर्ति का रुद्राभिषेक, एवं सुबह 5 महा आरती की जाएगी, संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक आधुनिक साजसज्जा,स्वागत द्वार,भगवा पताकाओं,रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है,



### हनुधाम किसनपुर खमरा में श्री हनुमान जन्मोत्सव

### चीचगांव से किसनपुर तक निकाली विशाल गदायात्रा

किशनपुर के चमत्कारी श्री हनुमान जी मंदिर में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर श्री हनुमान सेवा समिति किशनपुर द्वारा 11 अप्रैल रात्रि 7 बजे अखंड ज्योति प्रज्वलन करके हनुमान जन्मोत्सव प्रारंभ किया जाएगा 12 अप्रैल सुबह 8ञ्00 बजे अभिषेक के बाद 1ञ्00 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा ।इस अवसर पर 12 अप्रैल को सुबह 8ञ्00 बजे सिद्धेश्वरी चमत्कारी हनुमान मंदिर चीजगांव से हनुधाम मंदिर किशनपुर तक एक विशाल गदा यात्रा निकाली जाएगी जो हनुधाम किशनपुर पर जाकर समाप्त होगी ।हनुमान किशनपुर मंदिर बिछुआ ब्लॉक के खमरा के समीप ग्राम किसनपुर में स्थित है। चमत्कारी मंदिर में प्रत्येक शनिवार हनुमान जी की सवारी आती है जहां भक्तों के सभी कष्टो का निवारण होता है।

**रामाकोना में सामूहिक विवाह...**

## देश की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है नशाः विवेक साहू

### सांसद ने कांधे पर डोली उठाकर किया विदा, नव युगलों को दिया आशीर्वाद



**छिंदवाड़ा।** व्यसन मुक्ति अभियान से लाखों लोगों का परिवार सुरक्षित हुआ है, आज देश में नशामुक्ति की सख्त जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को विकसित राष्ट बनाने के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे है, लेकिन इस प्रगति में नशा एक बाधा के रूप में काम कर रहा है। महात्यागी पूज्यनीय बाबा जुमदेव जी के प्रयासों से जारी व्यसनमुक्ति अभियान इस बाधा को दूर करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए हैं। वे रामाकोना में आयोजित परमात्मा एक आनन्द धाम 3 सवरनी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधिता कर रहे थे। यहां 104 वीं जयंती पर महात्यागी बाबा जुमदेव जी व्यसनमुक्ति अभियान अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया था। सांसद श्री साहू ने सर्वप्रथम महात्यागी बाबा जुमदेव जी महाराज को नमन करते हुए उनके आदर्शो की याद करते हुए लोगों को उनके बताये हुए मार्ग पर चलने की अपील की। वहीं उन्होंने इस आयोजन को सद्भाव, सेवा और संस्कार की भावना को सशक्त करने वाला बताया।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित**

व्यसनमुक्ति अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, युवा नेता राहुल मोहोड, मोरेश्वर मर्सकोले, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के ज़िला अध्यक्ष रिज़वान कुरैशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, नामदेव पाल, सरपंच श्रीमती कोकीलताई चौधरी,लक्ष्मण राव मेहर, आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर तांडेकर,दिलीप सांदेकर, संकेत चफाले, राजेश्वपाल,रूपेश भूले,महेश खोड़के,शुभम पाल सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## 13 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा की साफ सफाई कर दीपोत्सव का होगा आयोजनः यादव

### डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण संविधान की प्रस्तावना का होगा सामूहिक पाठः शेषराव यादव

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमा की सफाई कर तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि 14 अप्रैल को सत्कार तिराहे पर डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया जायेगा एवं संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूल परिसरों की सफाई एवं सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के वरिष्ठों के साथ कम से कम 2 सत्रों की संगोष्ठी का आयोजन कर कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान और भाजपा द्वारा दिए जा रहे सम्मान और जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान से खिलवाड़ किया तथा भाजपा ने संविधान के प्रति जो सम्मान प्रदर्शित किया है, उस पर विस्तार से चर्चा की जावेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का शताब्दी वर्ष समारोह मना रही है, इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता श्रद्धेय अटल के पत्र, फोटो, वीडियो आदि के माध्यम से नए कार्यकर्ताओं को अवगत कराएंगे।



छिंदवाड़ा । मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व छिंदवाड़ा जिले के पूर्व सांसद भैया नकुलनाथ आज हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सिमरिया के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चन किया

# भारत में है ईवीएम अन्य देशों में नहीं :कमलनाथ

### पार्टी संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाया जाएगा, ईवीएम मशीन पर उठाए सवाल 4 दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ



**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा पहुंचे। ईमलीखेड़ा हवाईपट्टी पर उपस्थित मीडियाकर्मियों के प्रश्नों के प्रत्युत्तर में कमलनाथ ने अहमदाबाद में सम्पन्न हुए कांग्रेस के अधिवेशन के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को सशक्त करना ही प्रमुख विषय था जिस चर्चा की गई। इस वर्ष संगठन को शक्ति देने पर ही कार्य किया जावेगा जिसमें पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई है। कांग्रेस का कार्यकर्ता आज भी गांव-गांव व बूथ स्तर पर भी पूरी मजबूती के साथ उपस्थिति है। पार्टी को नए स्वरूप व नई ऊर्जा के साथ जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाएगा। कांग्रेस अपनी विचारधारा को गांव-गांव से होकर बूथ स्तर तक लेकर जाएगी। देशहित में कांग्रेस नेताओं का बलिदान, समर्पण व श्रम की गाथा आमजन को सुनाई जाएगी। मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एकजुट होकर करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे ही अन्य संगठनात्मक विषयों पर अहमदाबाद अधिवेशन में चर्चा हुई।

**ईवीएम पर नाथ ने उठाए सवाल**

कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा में ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुनिया के विकसित देशों में ईवीएम से चुनाव नहीं होते, जबकि वे भी ईवीएम का उपयोग कर सकते हैं, किन्तु नहीं करते इसके पीछे बड़ा कारण है जो कि सार्वजनिक रूप से स्पष्ट है और इस पर मैंने अनेक दफा सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका व जापान जैसे विकसित देशों में ईवीएम का इस्तेमाल नहीं करते, क्योंकि इन देशों को पता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ बड़ी ही आसानी से की जा सकती है। इसीलिए वे ईवीएम से चुनाव नहीं कराते। ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, परासिया विधायक सोहन वाल्मिक, जामई विधायक सुनील उइके, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो, शहर अध्यक्ष पप्पू यादव सहित जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस, महिला कांग्रेस, शहर महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस सेवादल, कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, किसान कांग्रेस, कांग्रेस के पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व आमजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विवाह, निकाह योजना के दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करें:मंत्री उइके

### मंत्री उइके-सांसद कुलस्ते ने सर्किटहाउस में योजना की समीक्षा बैठक ली

**मंडला।** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने सर्किटहाउस मंडला में मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगमन होगा।इसकी तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में सांसद कुलस्ते,जिला पंचायत अध्यक्ष,जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट,अपर कलेक्टर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,एसडीएम मंडला सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

मंत्री उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में वर-वधुओं का चयन कर विवाह/निकाह कार्यक्रम पंडित,काजी,भुमकाओं से संपन्न कराया जायेगा।सभी अधिकारियों को विवाह/निकाह स्थल पर व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिए।सीएम विवाह/निकाह योजना में पहुंचे आगंतुकों के लिए भी व्यापक प्रबंध करने को कहा।सभी पंचायतों से वर-वधुओं का चयन कर कार्यक्रम स्थल में अनिवार्य रूप से लेकर आएं।मुख्यमंत्री विवाह/निकाह स्थल पर आगमन एवं प्रस्थान मार्ग पृथक-पृथक होना चाहिए जिससे किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में विद्युत व्यवस्था का भी बेहतर प्रबंध करने को कहा।वर-वधुओं की वेशभूषा का चयन गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम स्थल में साज-सज्जा, बारात की तैयारियां,शहनाई,बाजे की तैयारियां करने के निर्देश दिए।उन्होंने कार्यक्रम स्थल में पार्किंग व्यवस्था,सुरक्षा के प्रबंध,टेंट,भोजन का प्रबंध सहित व्यापक तैयारियां करने को कहा।मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

सांसद कुलस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना का व्यापक प्रसार-प्रसार करें।जिससे आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर इसे सफल बना सकें।सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करने को कहा।बारात आगमन व अगुवाई की व्यवस्था सुनिश्चित ढंग से करने के निर्देश दिए।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने ग्राम सभाओं को चेक के जरिए प्रदान की राशि




**सांध्य प्रकाश बैतूल।** जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कान्हावाड़ी की चार ग्राम सभाएं कान्हावाड़ी, घुग्गी, पिपरी और अर्जुनगोंदी ने पेसा नियम 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत संग्रहण वर्ष 2023 और 2024 में लघु वनोपज तेंदूपत्ता के संग्रहण एवं विपणन से 9,03,550 की लाभांश राशि अर्जित की है। यह राशि केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बैतूल लोकसभा सांसद दुर्गादास उईके के हाथों चेक के माध्यम से ग्राम सभाओं को प्रदान की गई। यह लाभांश पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उल्लेखनीय है कि यह राशि तेंदूपत्ता जैसे लघु वनोपज के संग्रहण से अर्जित की गई है। जिसे अब ग्राम सभाएं स्वयं संकलित कर विपणन कर रही हैं। इस पूरी प्रक्रिया में जिला कलेक्टर श्री सूर्यवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जैन का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है। वर्ष 2025 के संग्रहण सत्र के लिए 78 ग्राम सभाओं ने तेंदूपत्ता संग्रहण हेतु संकल्प लिया है। पेसा जिला समन्वयक सुखदेव उईके ने जानकारी दी कि यदि ग्राम सभाएं स्वयं तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करे। तो उन्हें 25 प्रतिशत शुद्ध लाभ प्राप्त हो सकता है। इससे ग्राम सभाएं स्वायत्त संस्थानों के रूप में स्थापित हो सकेंगी और उनके ग्राम निधि खाते में जमा यह राशि ग्राम विकास में उपयोग की जा सकेगी।

# नगर सहित आष्टा अंचल में विकास का क्रम निरंतर जारी है - विधायक

### परिषद के सहयोग से नगर के धार्मिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं को जुटाया जाएगा - रायसिंह मेवाड़ा

**आष्टा।** नगरपालिका द्वारा कमल खेड़ापति तालाब स्थित प्राचीन खेड़ापति मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से व्यवस्थित सुलभ सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया है, जिसका विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य, नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चैरसिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर के विशेष आतिथ्य में लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

लगभग 13 लाख 64 हजार रूपये की लागत से बनने वाले सर्वसुविधायुक्त सुलभ सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण पूर्ण विधि-विधान मंत्रोच्चार के साथ शनि मंदिर पुजारी मनीष गिरी द्वारा कराया गया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि विकास का क्रम निरंतर जारी है जहां तहसील अंचल में आए दिन भूमिपूजन, लोकार्पण, शिलान्यास का क्रम अनवरत रूप से जारी है, इसी प्रकार भाजपा की नगर सरकार द्वारा भी नगर में विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे है।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि खेड़ापति का दरबार अतिप्राचीन धार्मिक स्थल है। खेड़ापति सरकार से संपूर्ण नगरवासियों की आस्था हृदय से जुड़ी हुई है, प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आवागमन बड़ी संख्या में यहां बना रहता है। सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव होने से श्रद्धालुओं परेशानी होती थी, अब परिषद के सहयोग से यह परेशानी सार्वजनिक शौचालय के बनने से पूरी तरह से दूर हुई है। श्री मेवा?ा ने कहा कि भाजपा की नगर सरकार का हमेशा से ही धार्मिक स्थलों के आसपास मूलभूत सुविधाएं जुटाने का प्रयास रहा है और हमेशा धार्मिक स्थलों को सुसज्जित व सुविधापूर्ण बनाया जाएगा।



मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि सुलभ सार्वजनिक शौचालय का निर्माण 13 लाख 64 हजार रूपये की लागत से हुआ है, जिसमें गार्ड के लिए एक रूम है, वहीं महिला व पुरूष श्रद्धालुओं के लिए पृथक-पृथक कम्पार्टमेंट बनाकर शौचालयों का निर्माण किया गया है। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए भी पृथक से शौचालय निर्मित है। लोकार्पण के दौरान पार्षदगण रवि शर्मा, मेहमूद अंसारी, तारा कटारिया, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर रूपेश राठौर, विशाल चैरसिया, सहायक यंत्री आकाश गोयतर, पुजारी महेश गिरी, सुभाष सिसौदिया, मां सुसवानी के कॉन्ट्रेक्टर आदर्श सुराना सहित नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

# लोकायुक्त की टीम ने पंचायत सचिव को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

### चार हजार की रिश्वत लेते भ्रष्ट सचिव चढ़ा लोकायुक्त के हत्थे

**मंडला।** जिले में ग्राम पंचायतों में लगातार भ्रष्टाचार गबन और रिश्वत खोरी का सिलसिला जारी है।जिले के सरपंच-सचिव,रोजगार सहायक और जनपद स्तर के अधिकारियों के सांठ-गांठ से लगातार सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार-गबन चल ही रहा है,बल्कि हितग्राही मूलक योजनाओं में भी लाभ दिलाने के नाम पर सरेआम रिश्वत की मांग की जाती है।इस आदिवासी बहुल जिले में भ्रष्टाचार की लूट मची है इस ओर प्रशासन और जनप्रतिनिधि कोई ध्यान नहीं दे रहा है।इसी कारण से आज पूरे जिले की ग्राम पंचायतों में सरपंच-सचिव बेलगाम हो गए है और मनमानी कर रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भ्रस्ट ग्राम पंचायत का सचिव आज प्रधानमंत्री आवास योजना में द्वितीय किस्त देने के नाम पर हितग्राही से लगातार पैसे की मांग करता था आखिरकार हितग्राही ने लोकायुक्त के माध्यम से माँग किये गए पैसे दे ही दिए।

वही जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त



कार्रवाई किए जाने के निर्देश पर जबलपुर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही की गई।

आवेदक-खिलोन सिंह पंद्रो,उम्र 35 वर्ष,वन ग्राम डुंगरिया ग्राम पंचायत ?क्सर जिला मंडला

आरोपी-संतोष कुमार झारिया पिता स्व.दादूलाल झारिया, उम्र 51 वर्ष,सचिव ग्राम पंचायत क्सर जिला मंडला।

**घटनास्थल-राम सैयाम की चाय-नाश्ता दुकान फूलसागर जिला मंडला रिश्वत राशि रुपए 4,000 रुपए**

आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर को शिकायत की गई कि आवेदक के पिता के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ है जिसकी प्रथम एवं द्वितीय किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है जिसके भुगतान प्राप्त कराने के एवज में पारितोषिक के रूप में संतोष कुमार झारिया, सचिव ग्राम पंचायत क्सर जिला मंडला के द्वारा 7000 रिश्वत की मांग की जा रही है,शिकायत सत्यापन उपरांत दिनांक 11/04/2025 को राम सैयाम की चाय नाश्ता दुकान फूलसागर में संतोष कुमार झारिया,सचिव को रिश्वत राशि 4000/- लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया तथा आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम1988 (संशोधन)2018 की धारा-7,13(1)बी,13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

ट्रेप दल अंतर्गत शामिल सदस्य-इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, इंस्पेक्टर मंजू किरण तिर्की, इंस्पेक्टर जितेंद्र यादव एवं लोकायुक्त जबलपुर का दल सम्मिलित रहे।


विक्रमोत्सव 2025
विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र
सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर
अग्रसर मध्यप्रदेश
विक्रम संवत् के प्रवर्तक
सम्राट विक्रमादित्य
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
महानाट्य का महामंचन
12,13,14 अप्रैल 2025
प्रतिदिन सायं 6:00 से 9:00 बजे तक
माधव दास पार्क, लाल किला, दिल्ली
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली
स्वागताध्यक्ष
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति, भारत
विशिष्ट अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
गरिमामयी उपस्थिति
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली
D-11005/25
विशेष प्रदर्शनी
• आर्ष भारत • विक्रमादित्यकालीन मुद्रा-मुद्रांक
• मध्यप्रदेश में पर्यटन • मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां
• मध्यप्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट • फूड कोर्ट
The heart of Incredible India
संस्कार भारती
कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा
दीनदयाल शोध संस्थान - नई दिल्ली, संस्कार भारती - नई दिल्ली
श्री विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति, उज्जैन के सहयोग से आयोजित
आप सादर आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें।
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025